* वर्ष 40 * अंक 66 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर बुधवार दिनांक 4 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से सीजेआई हटे

### नई बेंच 6 जनवरी से सुनवाई करेगी; सीजेआई को पैनल से हटाने पर कांग्रेस ने याचिका लगाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्त (ईसी) की नियुक्ति से जुड़े मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। मामले की सुनवाई 6 जनवरी से शुरू होगी और इसके लिए नई बेंच का गठन किया जाएगा। 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि सीईसी और ईसी की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है। इस विवाद के बावजूद केंद्र ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था।

## मुठभेड़ में लश्कर आतंकवादी ढेर



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में गत अक्टूबर में निर्माण श्रमिकों पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष आतंकवादी यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से उनका आमना-सामना हो गया । दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा के जुनैद अहमद भट के रूप में हुई है। जुनैद गगनगीर, गंदेरबल में नागरिकों की हत्या और कई अन्य आतंकवादी हमलों में शामिल था। पुलिस ने एक्स पर अपने पोस्ट में लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी के मारे जाने की पुष्टि की।

### प्रोक्सी शिक्षकों की रोकथाम के लिए उठाया कदम

## सरकारी शिक्षकों को फोटो ऑनलाइन वेरिफिकेशन कराना होगा

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में सरकारी शिक्षकों से जुड़ी बड़ी खबर है। सरकार ने सरकारी स्कूलों में प्रोक्सी शिक्षकों की रोकथाम के लिए अब शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को अपने फोटो ऑनलाइन वेरिफिकेशन कराना होगा। इसके लिए नया मॉड्यूल शाला दर्पण पोर्टल पर जारी किया गया है। सभी कार्मिकों के फोटो प्रमाणित करने का काम स्कूल के प्रधानाचार्य तथा पीइइओ को दिया गया है। इस संबंध में सभी संयुक्त निदेशकों को भेजे गए आदेश में कहा गया है कि पीइइओ अपने अधीनस्थ स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रत्येक कार्मिक का वेरिफिकेशन करेंगे। इसके बाद ब्लॉक व जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा पीइइओ के माध्यम से किए गए वेरिफिकेशन की जांच की जाएगी। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लॉक के न्यूनतम 5 प्रतिशत विद्यालयों की जांच की जाएगी और जिला स्तर के अधिकारी की ओर से जिले के न्यूनतम 2 प्रतिशत विद्यालयों की जांच की जाएगी। सभी कार्मिकों की फोटो का ऑनलाइन वेरिफिकेशन करने के संबंध में मॉड्यूल का निर्माण कर इसके दिशा-निर्देश एसओपी जारी किए गए हैं।

## शीर्ष 8 शहरों में 11 फीसदी तक बढ़े मकानों के दाम

### दिल्ली-एनसीआर में सर्वाधिक 32% तेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मजबूत मांग के कारण देश के शीर्ष 8 शहरों में चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में मकानों की कीमतें सालाना आधार पर 11 फीसदी तक बढ़ गई हैं। दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक 32 फीसदी की तेजी आई है। क्रेडाई, कोलियर्स और लियासेस फोरास की संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 के बाद से मकानों की औसत कीमतें लगातार 15वीं तिमाही बढ़ी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग और बाजार की सकारात्मक धारणा के कारण सितंबर तिमाही में मकानों की औसत कीमत बढ़कर 11,000 रूपये प्रति वर्ग फीट हो गई है।

### ट्रांसपोर्ट कारोबारी पर आईटी रेड : 269 करोड़ के नकद लेन-देन का हिसाब भी मिला, उदयपुर में डिफेंडर-पोर्शे गाड़ियां मिलीं

# कर्मचारियों के नाम 330 ट्रक खरीदे भाजपा नेता के भाई ने

**जयपुर (पुकार)।** उदयपुर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी और भाजपा नेता के भाई टीकम सिंह राव के ठिकानों पर छापेमारी में आईटी टीम को 330 ट्रकों का रिकॉर्ड मिला है। यह सभी ट्रक ट्रांसपोर्ट कम्पनी में काम करने वाले कर्मचारियों के नाम पर हैं। जांच अधिकारियों को कंपनी के उदयपुर ऑफिस से 240 करोड़ और मुंबई ऑफिस में 29 करोड़ रुपए के नकद लेनदेन का हिसाब भी मिला है, जो संदेह के दायरे में है।

आयकर अधिकारियों ने बताया- रेड खत्म होने के बाद 137 करोड़ की काली कमाई मानकर चल रहे थे, लेकिन नकद लेनदेन को यदि इसमें शामिल किया जाए तो यह राशि बढ़कर 269 करोड़ पहुंच रही है। आयकर टीम के हाथ 25 इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी लगे हैं। इनकी फोरेंसिक जांच कराई जाएगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक टीकम सिंह राव और छोटे भाई गोविंद सिंह राव के ठिकानों पर कार्रवाई की गई थी। गोविंद सिंह राव बांसवाड़ा में भाजपा जिलाध्यक्ष रह चुका है, जबकि टीकम सिंह ट्रांसपोर्ट बिजनेस से जुड़ा है। उस पर अवैध ट्रांसपोर्टेशन के आरोप हैं। इनके ठिकानों से आयकर विभाग ने 45 किलो सोना भी जब्त किया है।

### इनकम टैक्स छूट का गलत फायदा उठाया

जानकारी के अनुसार आईटी अफसरों को ट्रांसपोर्ट कंपनियों को 10 व इससे कम ट्रक होने पर आयकर में मिलने वाली छूट में गड़बड़ी होने की




आशंका लगती है। छोटी ट्रांसपोर्ट कंपनियों को राहत देने के लिए कानून में 7500 रुपए माह प्रति ट्रक की दर से आयकर जमा कराने की व्यवस्था है। इसके साथ ही ऐसे ट्रांसपोर्टर को लेखा पुस्तिकाओं का रखरखाव नहीं करने की भी छूट मिलती है। आरोपी उदयपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट एण्ड लॉजिस्टिक प्रा. लि. कंपनी ने इस छूट का गलत उपयोग करते हुए अपने कर्मचारियों के नाम से ट्रक खरीदे। उन्हें अपनी ही कंपनी में काम में लिया।

इसी तरह जीएसटी कानून में रिवर्सल चार्ज मैकेनिज्म में दिए जाने वाले लाभ का भी गलत उपयोग किया गया।

### हर लग्जरी ब्रांड की गाड़ियां मिलीं

आईटी टीम ने बिजनेसमैन की एक दर्जन लग्जरी वाहनों की जानकारी भी जुटाई है। इनमें बीएमडब्ल्यू, वोल्वो, रेंज रोवर, वेलफायर, लेक्स, ऑडी, पोर्शे, जीप मेरेडियन, डिफेंडर जैसी गाड़ियां शामिल हैं। अधिकारियों ने अब इन गाड़ियों के पंजीयन और खरीद से संबंधित दस्तावेज की पड़ताल करना शुरू कर दिया है।

जांच टीम को सर्च के दौरान एक नकद रसीद भी मिली है, जो बेनामी परिवहन से होने वाली आय को बता रही है। इसके अलावा जयपुर शाखा में कुछ डायरियां मिली हैं। इसमें वित्तीय वर्ष 2018-19 और इसके बाद प्राप्त नकद राशि के साथ किए गए कुछ खर्च का भी उल्लेख है। इस पूरे लेनदेन की गणना अधिकारी कर रहे हैं।

इसी तरह कंपनी के मुंबई ऑफिस में वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2024-25 से संबंधित 29 करोड़ की नकद प्राप्ति व खर्च के अलावा मुंबई से उदयपुर भेजी गई राशि के दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। आयकर जांच में वापी (गुजरात) स्थित एक फैक्ट्री में की गई छापेमारी में स्टॉक में भारी गड़बड़ी मिली है। इस आधार पर माना जा रहा है कि ट्रांसपोर्ट कंपनी के यहां हुई रेड में अघोषित आय की राशि बढ़ सकती है।

## दावा : संभल हिंसा में विदेशी कारतूस का इस्तेमाल

### फोरेंसिक टीम को पाकिस्तान मेड 9 एमएम के 2 मिसफायर और 1 खोखा मिला

**संभल (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा में मंगलवार को पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। फोरेंसिक टीम को यहां के कोट गर्वी मोहल्ले में नालियों से 5 खोखा और 1 मिसफायर कारतूस मिले हैं। ये खोखे पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) में बने हैं। इन कारतूस को पाकिस्तानी आर्मी इस्तेमाल करती है। एएसपी श्रीश चंद्र ने बताया कि पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री के 9 एमएम के 2 मिसफायर और 1 खोखा बरामद हुआ है। इसके अलावा 12 बोर के 2 खोखे और 32 बोर के 2 खोखे बरामद हुए। एक खोखा विनचेस्टर मेड इन यूएसए का है।





19 नवंबर को हिंदू पक्ष ने चंदौसी कोर्ट में दावा किया था कि शाही जामा मस्जिद हरिहर मंदिर है। मामला कोर्ट में पहुंचा। अदालत के आदेश के बाद 24 नवंबर को मस्जिद के सर्वे के दौरान हजारों की भीड़ ने पुलिस पर पत्थरबाजी और फायरिंग कर दी। इस हिंसा में 4 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए।

### पुलिस ने कहा- ये गंभीर मामला है

संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि 24 नवंबर की सुबह सर्वे हुआ था। उसी दौरान हिंसा हुई थी। इसमें 4 लोगों की मौत हुई थी। उसके बाद एसआईटी गठित की गई। फोरेंसिक टीम और नगरपालिका ने जब जांच की तो बहुत चौंकाने वाली चीज सामने आई। एक पीओएफ 9 एमएम, 68-26 एक फायर केस मिला है। एक एफएन स्टार बना हुआ एक मिसफायर भी मिला। मिसफायर इसलिए कहेंगे क्योंकि उसके ऊपर स्ट्राइकर का निशान है। एक 12 बोर का डायमीटर का खोखा मिला है, जिस पर लिखा है विनचेस्टर मेड इन यूएसए, नंबर-12। एक और है जिसके पन्ने पर लिखा है- स्पेशल-12के। इस तरह के कुल 6 फायर और मिसफायर वाले केस मिले हैं। ये जो पाकिस्तान का कारतूस मिला है, ये दर्शाता है कि ये बहुत सीरियस केस है।

### राहुल गांधी को संभल से पहले ही रोक लिया जाए, डीएम ने चार जिलों के पुलिस कप्तानों को लिखा पत्र

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को संभल आने की घोषणा की है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने एनसीआर के गाजियाबाद से संभल के बीच वाले चार जिलों को पत्र लिखकर राहुल गांधी को अपने यहां ही रोक लेने की गुजारिश की है। संभल डीएम राजेंद्र पेंसिया की तरफ से एनसीआर के जिलों गाजियाबाद और नोएडा के साथ ही बुलंदशहर और अमरोहा के पुलिस कप्तानों को एक पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि नेता प्रतिपक्ष और सांसद



राहुल गांधी को रास्ते में ही रोक लिया जाए। डीएम ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि 10 दिसंबर तक संभल में बाहरी लोगों और नेताओं का आना पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। अपने पत्र में संभल के जिलाधिकारी ने लिखा है कि किसी भी बाहरी व्यक्ति, खासकर राजनीतिक नेताओं को जिले में प्रवेश करने से रोका जाए। डीएम ने विशेष रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संभल यात्रा के बारे में लिखा कि उन्हें संभल जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जाए।



### संसद सत्र : छठे दिन भी हंगामा, विपक्ष ने किया अडाणी मुद्दे पर प्रदर्शन, सपा-टीएमसी ने किया किनारा

# अखिलेश बोले- चुनाव की वजह से संभल में हिंसा हुई, यह सोची समझी साजिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद सत्र के छठवें दिन मंगलवार को अडाणी और संभल हिंसा पर एक बार फिर हंगामा हुआ। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, संभल में जो घटना हुई, वह एक सोची-समझी साजिश है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव था। अफसरों पर एफआईआर होनी चाहिए। अखिलेश यादव के बयान पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कायम नहीं हुआ। जो संभल में हुआ उसी आधार पर बदायूं, जौनपुर और अजमेर शरीफ में जो हो रहा है ये सारे देश में आग लगाने की साजिश है कि नहीं?

उन्होंने कहा- 24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई। संभल के लोगों को पता ही नहीं था कि पुलिस क्यों तैनात की जा रही है। कुछ देर बाद डीएम, एसएसपी, वकील और कुछ लोग पुलिस के साथ ढोल बजाते हुए मस्जिद में घुस गए। भीड़ को शक था कि वे मस्जिद में तोड़फोड़ करने जा रहे हैं।

### विपक्ष ने संसद के बाहर अडाणी मुद्दे पर प्रदर्शन किया

इससे पहले संसद के बाहर विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने अडाणी और संभल मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्ष इसकी जांच के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की मांग कर रहा है। हालांकि इस प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी शामिल नहीं हुई।

# फडणवीस सीएम हाउस में शिंदे से मिले, आधा घंटे बातचीत

### पर्यवेक्षक विजय रूपाणी मुंबई पहुंचे; आज राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश करेगा महायुति

**मुंबई/नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर सस्पेंस के बीच देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार शाम सीएम हाउस वर्षा में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से आधे घंटे की मुलाकात की। महाराष्ट्र चुनाव के बाद यह दोनों की दूसरी मुलाकात है। इससे पहले दोनों दिल्ली में मिले थे। फडणवीस से पहले भाजपा नेता गिरीश महाजन और उदय सामंत ने मंत्रालय के बंटवारे को लेकर शिंदे से मुलाकात की थी।

वहीं, भाजपा विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होंगे। इस बैठक के लिए रूपाणी मुंबई पहुंच गए हैं। दोपहर 3 बजे महायुति का एक प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिलाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा। इससे पहले महायुति की फाइनल बैठक होगी।



महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आए थे। महायुति यानी भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी पवार को 230 सीटों का भारी बहुमत मिला, लेकिन 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है।

**ठाणे से मुंबई लौटे शिंदे :** शिंदे मंगलवार को ही ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पहुंचे हैं। वे शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं। ठाणे में उन्होंने अस्पताल में अपना रुटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा- सेहत अच्छी है। सूत्रों के मुताबिक आज शिंदे की शिवसेना विधायकों के साथ भी मीटिंग होनी है। ये मीटिंग देर रात में होगी और इसमें सरकार गठन पर अहम फैसले होंगे।

**भाजपा का सीएम होगा :** विजय रूपाणी ने कहा, भाजपा विधायक दल की मीटिंग आज या कल हो सकती है। मुझे लगता है महाराष्ट्र को भाजपा से मुख्यमंत्री मिलेगा।

**दिल्ली से चल रहा खेल :** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं। एक मुख्यमंत्री कैसे गायब हो सकता है। 10 दिन हो चुके, महायुति के पास भारी बहुमत है, लेकिन मुख्यमंत्री का नाम अब तक घोषित नहीं कर पा रहे हैं। यह सब दिल्ली का खेल है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक कल, शपथ ग्रहण 5 दिसंबर को

सूत्रों के मुताबिक बीजेपी विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे विधान भवन के सेंट्रल हॉल में होगी। इसमें सीएम का नाम तय होगा। 5 दिसंबर को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में सीएम का शपथ समारोह होगा।



# राष्ट्रपति ने साउथ कोरिया में इमरजेंसी लगाई, कहा-

### विपक्ष नॉर्थ कोरिया के इशारे पर सरकार अस्थिर करना चाह रहा, कई विपक्षी नेता हिरासत में



**सियोल (एजेंसी)।** दक्षिण कोरिया में 3 दिसंबर को राष्ट्रपति यून सुक योल ने इमरजेंसी मार्शल लॉ का ऐलान किया। राष्ट्रपति ने विपक्ष पर संसद को नियंत्रित करने, उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखने और सरकार गिराने वाली गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति यून ने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में यह घोषणा की। इसके साथ ही दक्षिण कोरिया में जारी राजनीतिक तनाव और बढ़ गया है। यून की पीपुल्स पावर पार्टी मई 2022 से सत्ता में हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी सरकार की नीतियों का विरोध कर रही है। 1980 के बाद यह पहली बार है, जब दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ घोषित किया गया है।

देश में मॉर्शल लॉ ऐसे समय में लगाया गया है, जब संसद में सरकार और विपक्षी दल के बीच बजट विधेयक को लेकर मतभेद है। राजधानी सियोल में सड़क से लेकर संसद तक में प्रदर्शन हुआ। संसद में इस फैसले के खिलाफ मतदान हुआ है। संसद के ऊपर हेलिकॉप्टर तैनात कर दिए गए हैं। सेना ने कई विपक्षी सांसदों को हिरासत में ले लिया है। मार्शल लॉ लागू करने के विरोध में दक्षिण कोरियाई संसद के बाहर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई।

### मार्शल लॉ के बाद रैलियां बैन, प्रसारण पर रोक

- » नेशनल असेंबली, स्थानीय परिषदों और राजनीतिक दलों, राजनीतिक संघों, रैलियों और प्रदर्शनों सहित सभी राजनीतिक गतिविधियां बैन होंगी।
- » फेक न्यूज, पब्लिक ओपिनियन और झूठे प्रचार पर रोक रहेगी।
- » सभी मीडिया और प्रकाशन मार्शल लॉ कमांड के नियंत्रण के अधीन होंगी।
- » हड़ताल, काम रोकने पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षु डॉक्टरों सहित सभी चिकित्सा कर्मी, जो हड़ताल पर हैं या चिकित्सा क्षेत्र छोड़ चुके हैं, उन्हें 48 घंटे के भीतर अपनी नौकरी पर लौटना होगा। ईमानदारी से काम करना होगा। उल्लंघन करने वालों को मार्शल लॉ के अनुसार सजा दी जाएगी।

### 'डिजिटल गिरफ्तारियों' पर ऐक्शन में सरकार

# 59 हजार व्हाट्सएप अकाउंट ब्लॉक, जामताड़ा में टीम तैनात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) ने डिजिटल गिरफ्तारी के मामलों में कार्रवाई करते हुए 1,700 से अधिक स्काइप आईडी और 59,000 व्हाट्सएप अकाउंट को ब्लॉक किया है। इसके अलावा, सरकार ने डिजिटल गिरफ्तारी पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी शुरू किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को लोकसभा को ये जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि यह अभियान डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के खिलाफ जनता को सतर्क करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इसके तहत अखबारों में विज्ञापन, दिल्ली मेट्रो में घोषणा, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से विशेष पोस्ट, प्रसार भारती और अन्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनलों पर अभियान चलाने के साथ-साथ आकाशवाणी पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। गृह मंत्रालय ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा, आई4सी ने डिजिटल गिरफ्तारी के लिए इस्तेमाल किए गए 1,700 से अधिक स्काइप आईडी और 59,000 व्हाट्सएप अकाउंट की सक्रिय रूप से पहचान की और उन्हें ब्लॉक किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन में डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर अपराधियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया था। इसके बाद गृह मंत्रालय ने साइबर



अपराधियों द्वारा राज्य पुलिस, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर ब्लैकमेल और डिजिटल गिरफ्तारी के बढ़ते मामलों के खिलाफ अलर्ट पर एक प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की है।

सरकार ने टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के साथ मिलकर एक सिस्टम तैयार किया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉल्स की पहचान कर उन्हें ब्लॉक किया जा सके। ये कॉल्स भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करते हुए फर्जी तरीके से देश के भीतर से आती दिखती हैं। इसके अलावा, I4C के तहत एक अत्याधुनिक केंद्र 'साइबर फ्रॉड मिटिगेशन सेंटर (CFMC)' स्थापित किया गया है। इस केंद्र में प्रमुख बैंकों, वित्तीय संस्थानों, भुगतान एग्रीगेटर्स, टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर साइबर अपराध से निपटने के लिए तत्परता से काम किया जा रहा है। मंत्रालय ने बताया कि पुलिस विभागों द्वारा रिपोर्ट किए गए 6.69 लाख से अधिक सिम कार्ड और 1,32,000 IMEI को ब्लॉक किया गया है। इसके साथ ही, पूरे देश को कवर करने के लिए सात 'जॉइंट साइबर कोऑर्डिनेशन टीम्स' का गठन किया गया है। ये टीमें मेवात, जामताड़ा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी जैसे साइबर अपराध हॉटस्पॉट्स में काम कर रही हैं।

2021 में शुरू किए गए 'सिटिजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम' के तहत अब तक 9.94 लाख शिकायतों के माध्यम से 3,431 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को धोखाधड़ी से बचाया गया है। सरकार की इन पहल से डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाने और नागरिकों को सतर्क बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन पीपल समिति की बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** ग्रीन पीपल समिति सदस्यों की बैठक मंगलवार को वन भवन में हुई। इसमें अध्यक्ष राहुल भटनागर, विक्रम सिंह चौहान, सुहेल मजबूर, इन्द्रजीत माथुर, अरुण सोनी, डॉ सतीश कुमार शर्मा ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्रीन पीपल सोसाइटी 11वें उदयपुर पक्षी पर्व में अपनी सहभागिता निभायेगी तथा वन विभाग को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। समिति की जयपुर यूनिट द्वारा भी वहां पक्षी पर्व बनाने का निर्णय लिया गया। जयपुर में भी उदयपुर की तरह इस बार पक्षी पर्व का आयोजन किया जाएगा। समिति के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं को जोड़ने की आवश्यकता पर सहमति जताई ताकि समिति की विभिन्न गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। समिति द्वारा अभी तक प्राप्त योजनाओं के प्लान बनाकर फंडिंग एजेंसी को प्रस्तुत की जाने की कार्यवाही शीघ्र की जाने पर सहमति जताई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पैडल टू जंगल का आयोजन जीपीएस, वन विभाग, उदयपुर साइकिलिंग क्लब एवं विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से बांसवाड़ा जिले में दो दिवस के लिए सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात पक्षी वैज्ञानिक डॉक्टर असद आर रहमानी द्वारा लिखित पुस्तक लिविंग विद बर्ड्स की एक प्रति राहुल भटनागर को भेंट की गई। पुस्तक में राहुल भटनागर, विक्रम सिंह चौहान, मनोज कुलश्रेष्ठ, सतीश कुमार शर्मा आदि लोगों के पक्षी संरक्षण में योगदान को रेखांकित किया है।

### एनएसयूआई राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** एनएसयूआई राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर का महासचिव बनने के बाद पहली बार उदयपुर आगमन पर एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी गेस्ट हाउस में स्वागत किया। देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि एनएसयूआई ने पदाधिकारीयों ने फूल माला पहनाकर अंकुश भटनागर का स्वागत किया। इसके साथ ही गुरुवार को संसद घेराव को लेकर भी बैठक ली। इस दौरान विक्रम भादू, समीर मेघवाल आदि मौजूद रहे।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय एथलेटिक्स महिला-पुरूष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ डॉ. निरंजन नारायण सिंह राठौड कुलसचिव, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय एथलेटिक्स महिला-पुरूष टीम का चयन किया गया तथा चयनित विद्यार्थी आगामी महीने में भूवनेश्वर, उडीसा में अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. भूपेन्द्र सिंह चैहान तथा विश्वविद्यालय स्पार्ट्स बोर्ड सेकेट्री डॉ. हितेश चन्द्र रावल उपस्थित थे।

### बीएन में सांस्कृतिक सप्ताह मनाया



**उदयपुर (पुकार)।** बी.एन.कृषि महाविद्यालय में 25 नवम्बर से 30 नवम्बर तक छात्रों द्वारा सांस्कृतिक सप्ताह के रुप में मनाया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दिलिप सिंह ने बताया कि इस सप्ताह में छात्र-छात्राओं द्वारा फाईन आर्ट्स प्रतियोगिताओं में आन द स्पॉट,पेन्टिंग, कोलाज, पोस्टर, कार्टूनिंग, रंगोली तथा स्टेज गतिविधियों में एकल गायन, समुह गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य तथा साहित्यिक गतिविधियों में वाद-विवाद, आशुभाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जबकि थियेटर इवेंट में एकाभिनय, मुकाभिनय तथा लघु नाटिकाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्याप्रचारिणी सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. शिवसिंह सांरगदेवोत, विद्याप्रचारिणी सभा के मंत्री डॉ. महैन्द्र सिंह आगरिया, बी.एन. संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रुपाखेड़ी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एन. एन. सिंह खौड ने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की। डॉ. फतहलाल शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने बताया कि सांस्कृतिक सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे छात्रों को महाविद्यालय के वार्षिक महोत्सव में पुरुस्कृत किया जायेगा। डॉ पी.एस.राव व सुश्री प्रेक्षा नागर ने सभी गतिविधियों का विधिवत तरीके से संचालन किया गया।

### पंकज वया को मिला 'दिव्यांग रत्न सम्मान'




**कानोड़।** अंतराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन भींडर द्वारा दिव्यांग होते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा कार्यों से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुंडई के प्रधानाचार्य पंकज वया को शॉल ,उपरना पगड़ी पहनाकर, मोमेंटो देकर दिव्यांग रत्न 2024 से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र खटीक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने कहा कि व्यक्ति की मेहनत ,उत्साह, कार्य शक्ति की बेजोड़ लगन और सकारात्मक सोच से मिली सफलता को शारीरिक दिव्यांगता कभी नहीं रोक सकती। पंकज वया दिव्यांग होकर आज उन लोगों के लिए एक प्रेरणा है जिन्होंने शारीरिक दिव्यांगता से जीवन में हार मान ली है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र खटीक ने उपस्थित बच्चों को दिव्यांग दिवस की उपादेयता ओर जीवन में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की सीख देते हुए आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन भींडर को इस पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कुंभ को लेकर 'एक थाली-एक थेला' अभियान

**कुंभ को लेकर 'एक थाली एक थेला' अभियान जन-जन का अभियान बन रहा**

**पर्यावरण संरक्षण गतिविधि उदयपुर महानगर की पहल पर थाली थैले का कर रहे सहयोग**




**उदयपुर (पुकार)।** 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में लगने वाला महाकुंभ प्लास्टिक व पॉलीथीन मुक्त रहे व हरित कुंभ-स्वच्छ कुंभ - पवित्र कुंभ के उद्देश्य को लेकर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि उदयपुर महानगर की ओर से चलाए जा रहे 'एक थाली एक थेला' संग्रहण का अभियान अब जन-जन का अभियान बनता जा रहा है। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने 101 थाली व 101 थैले का सहयोग करते हुए आमजन मानस से प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में थाली व थैले देकर सहयोग करने का आह्वान किया है।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि उदयपुर महानगर संयोजक मनीष मेघवाल ने बताया कि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने 101 थाली व 101 थैले का सहयोग करते हुए कहा कि आम जन भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना समय दे व पॉलीथीन का उपयोग ना करे। उदयपुर शहर को स्वच्छ, स्वस्थ व सुंदर बनाये रखने में अपना सहयोग दे।

मनीष मेघवाल ने बताया कि महाकुंभ में देश के लाखों ग्रामों व विश्व के लगभग 75 देश से लगभग 35 से 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। कुंभ में 40 हजार टन कचरा एकत्र होने का अनुमान है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि इसी उद्देश्य को लेकर संपूर्ण भारत में विभिन्न समाज और संगठनों के सहयोग से थाली व थैले का संग्रहण कर रहा है। कुंभ में आने वाले जन प्लास्टिक व पॉलिथीन का उपयोग ना करे, इसे ध्यान रखकर एक थाली एक थेला अभियान चलाया जा रहा है। कुंभ में एक थाली एक थेला अभियान में उदयपुर में मार्बल प्रोसेसर्स समिति, अनुपम क्लब सहित विभिन्न सामाजिक संगठन, धार्मिक संगठन, समाज जन व पर्यावरण प्रेमी इस अभियान में सहयोग कर रहे है। एक थाली एक थेला अभियान में सहयोग करने की अंतिम तिथि 5 दिसंबर शाम 5:00 बजे तक है। सहयोग करने के लिए मोबाइल नंबर 9214184594 पर संपर्क किया जा सकता है। गत दिनों विश्व संवाद केंद्र पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि उदयपुर महानगर के नगर संयोजक व पर्यावरण प्रेमीयों की हुई बैठक में उपस्थित आशीष आचार्य, दीपक प्रजापत,जसवंत पुंडिर, अतुल शर्मा, प्रेमशंकर प्रजापत सहित अन्य जनों ने विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों से संपर्क कर उन्हे एक थाली एक थेला से जुड़ने व सहयोग करने की बात कही। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि चित्तौड़ प्रांत के प्रांत संयोजक कार्तिकेय नागर, उदयपुर विभाग संयोजक नाहर सिंह तंवर, सह संयोजक गणपत लोहार भी उपस्थित थे।

**स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम**

# उत्तम स्वास्थ्य को लेकर वार्ताओं के साथ सूर्य नमस्कार के हुए आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** जिले के राजकीय विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तम स्वास्थ्य को लेकर वार्ताओं के साथ सूर्य नमस्कार के आयोजन हुए।

डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी के अनुसार आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में स्थानीय संस्थान के योजना एवं प्रबंध प्रभाग द्वारा प्रभागाध्यक्ष डॉ.मृदुला तिवारी के प्रबोधन में डाइट उदयपुर के परिक्षेत्र के समस्त राजकीय उच्च माध्यमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज विद्यालयों में वार्ता एवं नाट्य मंचन के साथ स्वस्थ जीवन शैली, पोषण एवं स्वास्थ्य,स्वस्थ बढ़ना,मानसिक स्वास्थ्य मादक पदार्थों के दुरूपयोग, परस्परिक संबंधों को बढ़ाना,जेंडर समानता, प्रजनन एवं स्वास्थ्य,एचआईवी की रोकथाम, के साथ योग व व्यायाम के आयोजन भी संपादित किए गए साथ ही जिले के कई विद्यालयों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच भी की गई।

कार्यक्रम के डिस्ट्रिक्ट सब को-ऑर्डिनेटर त्रिभुवन चौबीसा के अनुसार आज दूरस्थ खेरवाडा ब्लॉक के केज़ीबीवी बरोठी ब्राह्मणान में हैल्थ एम्बेसडर ऋचा कामरा ने हेल्थ मैसेंजर के सहयोग से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा विषय पर नाट्य प्रस्तुति दी।जबकि राबाउप्रावि फलीचड़ा मावली में हेल्थ एम्बेसडर नेहा पारिक द्वारा हेल्थ मैसेंजर साक्षी, आयुषी, आफिया ,वंदना, अनुप्रिया, अलसिफा, आरुषि, गुड्डी सजदा और सेजल की सहायता से स्वस्थ जीवन शैली के साथ पोषण व स्वास्थ्य पर प्रस्तुति दी गई।

इसके साथ ही सुखेर, छोटी उँदरी,गोगुंदा, भोपाखेड़ा, घनौली, वानु, विठोली, बांसलिया, मेहरों का गुड़ा, बरोडिया, कविता, बुझड़ा , वावफला पीपली बी, वरनोदा भींडर ,सुरों का कुआं सलूंबर,पीपली बी ऋषभदेव, रायणा, बडला,बरोठी ब्राह्मणान सहित जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मंगलवार को स्मार्ट बोर्ड और टीवी के माध्यम से भावनात्मक कल्याण, जेंडर समानता, परस्परिक संबंध मूल्य और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना,स्वास्थ्य एवं पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ बढ़ना, प्रजनन स्वास्थ्य तथा इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की जानकारी सांझा की गई तथा शक्ति दिवस मनाया जाकर आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स का वितरण किया गया है।

# महाराणा जवान सिंह की 224वीं जयन्ती मनाई

**उदयपुर (पुकार)।** मेवाड़ के 68वें एकलिंग दीवान महाराणा जवानसिंह जी की 224वीं जयंती महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की ओर से मनाई गई। सिटी पेलेस म्यूजियम स्थित राय आंगन में मंत्रोच्चारण के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया गया।

महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि महाराणा जवानसिंह का जन्म मार्गशीर्ष सुदी द्वितीया, विक्रम संवत 1857 (ई.सं. 1800) को हुआ था। उनकी गद्दीनशीनी (ई.सं. 1828 ता. 31 मार्च) को हुई। उनकी माता का नाम गुलाब कुंवर था।

महाराणा जवान सिंह कविता और धर्म के अच्छे जानकार थे। कला और साहित्य में रुचि की कारण आर्थिक संघर्ष के समय में भी उनका काल साहित्यिक विकास का समय रहा। महाराणा ने कई पवित्र स्थानों और गुरुकुलों की तीर्थयात्रा की। जब वे यात्रा से मेवाड़ लौटे तो उन्होंने स्वदेशी शिक्षा प्रणाली में सुधार करने में बहुत रूचि ली। उन्होंने 'ब्रजराज' उपनाम का उपयोग करके कविता लिखी। उनकी कविताएँ श्री कृष्ण की प्रशंसा पर आधारित थी और आमतौर पर ब्रज भाषा में लिखी जाती थी। महाराणा ने कला और साहित्य को समृद्ध बनाने में उनका काफी योगदान रहा।

महाराणा जवानसिंह ने राजमहल में निर्माण कार्य करवाये और उदयपुर में श्री जवान-स्वरूपेश्वर महादेव मन्दिर, श्री जवान-सूरजबिहारी मन्दिर और श्री महाकाली मन्दिर शामिल है। श्री जवान-स्वरूपेश्वर महादेव मन्दिर में महाराणा जवानसिंह और उनकी रानी बघेली की संगमरमर की मूर्ति स्थित है।

महाराणा के शासनकाल में नेपाल के राजा, महाराजा राजेन्द्र विक्रम शाह ने अपने दूत को मेवाड़ की परम्पराओं का अध्ययन करने के लिए उदयपुर भेजा, क्योंकि नेपाल के राणा मेवाड़ के सिसोदिया वंश के वंशज माने जाते हैं। महाराणा जवानसिंह का निधन 30 अगस्त 1838 ई. को हुआ।

### हिंदू गौरव दिवस 6 दिसंबर को

**उदयपुर (पुकार)।** बजरंग सेना मेवाड़ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 6 दिसंबर हिंदू गौरव दिवस के शुभ अवसर की पूर्व संध्या पर 5 दिसंबर शाम को 6 बजे उदयपुर के अयोध्या धाम श्री राम मंदिर आलोक स्कूल सेक्टर 11 में भव्य आरती एवं आतिशबाजी का कार्यक्रम किया जाएगा। प्रमुख कमलेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि अयोध्या में शहीद हुए कारसेवकों की याद में भी दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे।

# हिंदुस्तान जिंक की जीवन तरंग पहल से दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी समाज का निर्माण

**विशेष योग्यजन 900 से अधिक छात्रों के लिए शिक्षा की सुविधा**




**उदयपुर (पुकार)।** अजमेर की दसवीं कक्षा की छात्रा नीतू रावत जन्म से ही सुनने में असक्षम है। नीतू के माता-पिता उस समय निराश हो गए जब उन्हें एहसास हुआ कि उसकी स्थिति के कारण रोजमर्रा की बातचीत और पढ़ाई-लिखाई मुश्किल होने वाली है। नोएडा डेफ सोसाइटी (एनडीएस) के सहयोग से हिंदुस्तान जिंक के जीवन तरंग कार्यक्रम से उसका जीवन में बदलाव आया, उसे भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल), जीवन कौशल पर साक्षरता और नई तकनीकों पर साक्षरता से परिचित कराया गया। नीतू अब आत्मविश्वास के साथ अपनी सहपाठियों से बातचीत करती है, स्कूल में सक्रिय रूप से भाग लेती है और घर पर बेहतर समझ विकसित करने के लिए अपने भाई-बहनों को आईएसएल भी सिखाती है।

नीतू की ही तरह भीलवाड़ा निवासी सातवीं कक्षा के छात्र मनीष कुमावत को भी जन्म से ही सुनने की समस्या थी। अपने परिवार में उन्हें अपने विचारों को व्यक्त करने और अपने आस-पास के लोगों को समझने में कठिनाई होती थी। हिंदुस्तान जिंक के जीवन तरंग कार्यक्रम ने मनीष के जीवन में उल्लेखनीय बदलाव लाया। एनडीएस प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में, उन्होंने आईएसएल सीखा और अपने बुनियादी ज्ञान में सुधार किया। आज, वह एक उज्जवल भविष्य का सपना देखते हैं।

वर्ष 2017 से संचालित, हिंदुस्तान जिंक का जीवन तरंग कार्यक्रम विशेष योग्यजन वाले बच्चों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है। अजमेर, भीलवाड़ा और उदयपुर के चार विद्यालयों में इस पहल से 900 से अधिक बच्चें लाभान्वित हो रहे है, उनके सीखने के अनुभवों को बदल रही है और समग्र विकास को बढ़ावा दे रही है। 600 से अधिक बच्चों को आईएसएल में प्रशिक्षित किया गया है, और 100 से अधिक दृष्टिबाधित बच्चों ने डेजी प्लेयर, स्मार्टफोन और कंप्यूटर का उपयोग कर प्रौद्योगिकी कौशल हासिल किया है छात्र स्वतंत्रता और उद्यमशीलता की सोच को प्रोत्साहित करने के लिए कला और शिल्प, ब्यूटीशियन प्रशिक्षण और गृह विज्ञान जैसे व्यावहारिक कौशल सीखते हैं। इसके अतिरिक्त, हिंदुस्तान जिंक ने कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों और समुदाय के सदस्यों को आईएसएल प्रशिक्षण शुरू देकर अपने प्रयासों को आगे बढ़ाया है, जिससे विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए समावेशिता का समाज तैयार हो रहा है। हिंदुस्तान जिंक की सामुदायिक विकास पहल विशेष जरूरतों वाले बच्चों को सशक्त बनाने से भी कही आगे है। शिक्षा, खेल, कौशल निर्माण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और स्थायी आजीविका में केंद्रित निवेश के माध्यम से, कंपनी ने राजस्थान और उत्तराखंड के 3,700 गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत के शीर्ष 10 सीएसआर खर्च करने वालों में से एक के रूप में, हिंदुस्तान जिंक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो समुदायों का उत्थान करता है और समग्र ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाता है।

# जीतो प्रीमियर लीग-2025 आगामी 7 जनवरी से

**प्रतियोगिता में 36 पुरुष वर्ग एवं 16 महिला वर्ग की टीमें लेगी भाग**



**उदयपुर (पुकार)।** जैन समाज की अग्रणी संगठन जैन इन्टरनेशनल ट्रेड ऑर्ग्रेनाईजेशन जीतो उदयपुर चेप्टर की ओर से आगामी 7 जनवरी से 12 जनवरी तक छः-दिवसीय जीतो प्रीमियर लीग- 2025 प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष यशंवत आंचलिया ने बताया कि जीतो के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी एवं श्रमण आरोग्यम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश हरण एवं जीतो के पदाधिकारियों द्वारा जेपीएल 2025 के पोस्टर का मंगलवार को विमोचन किया गया। मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने सभी का स्वागत करते हुए जीतो उदयपुर चेप्टर के विभिन्न कोर्यों की जानकारी प्रदान की। उपाध्यक्ष नितुल चण्डालिया ने बताया कि दूधिया रोशनी में फिल्ड क्लब ग्राउण्ड पर 6 ओवर के मैच आयोजित होगें। जिसमें पुरुष वर्ग की 36 टीमें भाग लेगी। समाज को जोडने के उद्देश्य से पहली बार मोहल्लेवार जैन समाज के पुरूषों की टीमें भाग लेगी। प्रत्येक टीम में 11 खिलाड़ी होंगे जिसमें से मैदान पर 8 खिलाड़ी खेलेंगे। महिला विंग की अध्यक्षा अंजलि सुराणा ने बताया कि महिला शक्ति को आगे लाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 16 टीमें भाग लेगी। युथ विंग सचिव विनय कोठारी ने बताया कि लीग को लेकर पुरूषों, महिलाओं व युवाओं में भारी उत्साह बना हुआ है। जीतो खेल के राजस्थान जॉन संयोजक कपिल सुराणा, संयोजक लोकेश कोठारी, सह संयोजक राजेन्द्र जैन ने बताया कि लीग की तैयारियों के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए टीमें अपने-अपने कार्यों का मूर्त रूप देने में जुट गए है। इस अवसर पर सलाहकार राजकुमार फत्तावत, नरेन्द्र सिंघवी, राजकुमार सुराणा, विनोद फान्दोत, उपाध्यक्ष श्याम नागोरी, कमल नाहटा, सचिव अरूण माण्डोत व कार्य समिति सदस्य मौजूद रहे।

**बी प्लस**

### 98.1 प्रतिशत एडवाइज़र्स ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के मोबाइल ऐप 'आईप्रू एज' का उपयोग कर तुरंत कमीशन प्राप्त किया

**उदयपुर (पुकार)।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस द्वारा अपने एडवाइज़र्स के लिए विशेष रूप से पेश किए गए मोबाइल ऐप आईप्रू एज के कारण वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में उत्पादकता में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे एडवाइज़र्स की आय में भी इजाफ ा हुआ है। खास बात यह है कि आईप्रू एज का उपयोग करने वाले 98.1 प्रतिशत एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ चुनिंदा डिस्ट्रीब्यूटर्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान करने वाली पहली जीवन बीमा कंपनी है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑफ सेल्स, प्रॉपराइटरी चैनल, अनिल सिंह ने कहा - हमारे मोबाइल ऐप आईप्रू एज ने हमारे एजेंट्स को अपना व्यवसाय बढ़ाने में सक्षम बनाया है। यह वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में देखी गई 37 प्रतिशत उत्पादकता वृद्धि से स्पष्ट है।

### स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की, आज से बुकिंग शुरू

**उदयपुर (पुकार)।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है। काइलैक चार वेरिएंट में उपलब्ध होगी - क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरुआती कीमत 7.89 लाख रुपये है, जो काइलैक क्लासिक ट्रिम के लिए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपये होगी। ग्राहकों के लिए एक खास ऑफ र में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज (एसएमपी) मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग आज से शुरू हो रही है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। काइलैक को लॉन्च से पहले ही जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। काइलैक हैंड-रेजर, काइलैक क्लब के सदस्य और डीलर पूछताछ के माध्यम से 1.6 लाख से अधिक लोगों ने अपनी रुचि दिखाई है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने कहा - नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरुआत का संकेत है। यह न केवल स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी।

# दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान का महाधिवेशन की तारीख तय

**27 अप्रेल 25 को होगा होगा, इससे पहले होगी कार्यसमिति की बैठक**




**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा संस्थान राष्ट्रीय पदाधिकारी, महिला मोर्चा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की सामुहिक बैठक हुई। संस्थान परम संरक्षक कुन्ती लाल जैन मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष जैन ने अध्यक्षता की। इसमें 27 अप्रेल 2025 को मध्य प्रदेश के इन्दौर में लगभग 2000 समाजजनों जो पुरे भारत वर्ष के साथ विदेशो के प्रतिनिधियों के साथ सकल नरसिंहपुरा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महाअधिवेशन रखने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में उपस्थित मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विदर्भ जैन एवं महामंत्री दिलीप जैन द्वारा महाअधिवेशन की तैयारी के लिए प्रथम कार्य-योजना बनाने के लिए आवश्यक बैठक मन्दसौर में रखने का आग्रह किया जिसे सर्वसम्मति से 29 दिसम्बर को बैठक रखने की स्वीकृति दी गई।

बैठक प्रारम्भ में महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हेमलता जैन ने मंगलाचरण कर सत्र प्रारंभ किया साथ ही कार्याध्यक्ष पवन वोरा बांसवाडा व चेतन मुसलिया द्वारा भगवान महावीर के सामने दीप प्रज्जवलित किया।

संस्थान परम संरक्षक द्वारा सदन मे दसा नरसिंहपुरा से सकल नरसिंहपुरा संस्थान के सफर का संक्षिप्त में वर्णन करते हुए बताया कि संस्थान का अखिल भारतीय दिगम्बर जैन सकल नरसिंहपुरा के नाम से रजिस्ट्रेशन कराया गया है वहीं बैंक एवं इनकमटैक्स में अब रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा।

सम्मेद शिखर यात्रा का आय व्यय संयोजक अनिल विशाखा ग्राफिक्स इन्दौर सदन में पुरा हिसाब पेश किया वही संस्थान राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जिवन्धर हाथी ने दो वर्षों कि आडिट रिपोर्ट एवं अब तक के सम्पूर्ण आय व्यय रखा जिसे पास किया गया।

बैठक में गुजरात राज्य महामंत्री अमन सिंघवी एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पंकज कलशधर ने सकल नरसिंहपुरा संस्थान के पुरे देश में भ्रमण कर सदस्यता अभियान शुरू किया जाने का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार किया गया।

संस्थान राष्ट्रीय संरक्षक शैलेश भाई शाह एवं राजस्थान संरक्षक महेंद्र मऊखेडी ने इस वर्ष हमारे तीर्थ स्थल गोमटेश्वर बाहूबली, कर्नाटक की यात्रा एवं वहीं पर विशाल राष्ट्रीय अधिवेशन रखने का प्रस्ताव रखा विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि कर्नाटक राज्य इकाई से बात कर अगली बैठक में रखा जाय। कार्यक्रम में उपस्थित कवि कोमल प्रकाश जी द्वारा कविताएं प्रस्तुत कर भरपूर प्रशंशा बटोरी। अन्त में धन्यवाद प्रचार प्रसार मंत्री हंसमुख गनोडिया दिया। सामुहिक राष्ट्रगान के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# सम्पादकीय

## जनसंख्या का गणित

देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जाहिर बात है कि देश की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या का घनत्व पहले ही काफी असंतुलित है। यदि फिर भी जनसंख्या वृद्धि की होड़ संकीर्ण स्वार्थों के लिये की जाती है तो उसके दूरगामी घातक प्रभाव सामने आ सकते हैं। हमारी प्राथमिकता हर हाथ को काम देने तथा सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग होनी चाहिए। यदि ऐसे हालात में आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि होती है तो कालांतर जनसंख्या के दबाव से चरमराती नागरिक सेवाओं के ध्वस्त होने की आशंका बलवती हो जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अक्षय पात्र से लाभान्वित होंगे गिर्वा ब्लॉक के 16 विद्यालयों के 2250 बच्चे



**उदयपुर (पुकार)।** झीलों की नगरी उदयपुर में अक्षय पात्र संस्थान से उदयपुर शहर, पंचायत समिति गिर्वा एवं बडगांव के 269 राजकीय विद्यालयों में लगभग 27500 छात्रों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। अन्य विद्यालय से लगातार आ रही मांग के अनुसार अक्षय पात्र ने आज से पंचायत समिति गिर्वा के नए 16 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करवाने की शुरुआत की। विदित है कि पिछले सप्ताह ही संस्थान से बडगांव पंचायत समिति के 19 राजकीय विद्यालयों को मध्यान्ह भोजन उपलब्ध करवाने वाली सूचि में सम्मिलित किया गया था। अब अक्षय पात्र द्वारा कुल 285 राजकीय विद्यालयों के लगभग 30000 से अधिक बच्चों को भोजन उपलब्ध कराया जायेगा।

इस अवसर पर जिला प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी ननिहाल सिंह एवं अक्षय पात्र संस्थान उपाध्यक्ष रघुपति दास प्रभु द्वारा हरि झंडी दिखा कर गाड़ियों को रवाना किया गया। इस मौके पर राजस्थान पंचायती राज एंव माधमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कमलेश शर्मा प्रदेश संगठन मंत्री भेरुलाल कलाल, अक्षय पात्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक चन्द्र सिंह राठोड एवं शाखा प्रबन्धक पल्लव लोधा एवं अभिनव सेन आदि उपस्थित रहे।

### अवैध गांजा व देशी पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** अंबामाता थाना पुलिस ने गांजे एवं अवैध पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी डॉ. हनवन्त सिंह राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी निखिल पुत्र स्व. अनिल रावत निवासी पनघट वाली गली,एकलव्य कॉलोनी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे 1 किलो 432 ग्राम गांजा व एक अवैध देशी पिस्टल बरामद की। आरोपी ने पूछताछ में यह गांजा दिनेश निवासी बाघपुरा हाल सीसारमा से लाना बताया। पिस्टल के बारे में पूछने पर बताया कि उसके पिताजी ने लाकर रखी थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी :** एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद से दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट 6 से

# ऑस्ट्रेलिया में फिर से गूंजेगा कोहली का बल्ला, एडिलेड में दमदार रिकॉर्ड

**● एडिलेड (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट टीम वर्तमान में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में हुआ था, जिसमें भारत ने 295 रनों से ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। यह भारत की ऑस्ट्रेलियाई धरती पर अब तक की सबसे बड़ी जीत रही। अब, 6 दिसंबर (शुक्रवार) से एडिलेड ओवल में गुलाबी गेंद से दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला होने जा रहा है।

इस एडिलेड टेस्ट में भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली पर सभी की नजरें होंगी। कोहली ने पर्थ टेस्ट में शतक (100*) जड़कर फॉर्म में वापसी की है और अब वह एडिलेड में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। एडिलेड ओवल पर कोहली का शानदार रिकॉर्ड रहा है और इस मैदान पर उनका बल्ला अक्सर धमाल मचाता है।

### 11 मैचों में 73.61 का औसत, इसमें 5 शतक

विराट कोहली ने इस मैदान पर अब तक तीनों फॉर्मेट में कुल 11 मुकाबले (4 टेस्ट, 4 वनडे और 3 टी20) खेले हैं, जिसमें उन्होंने 73.61 की औसत से 957 रन बनाए हैं। इसमें पांच शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन टेस्ट मैचों में और दो वनडे में हैं। खासकर दिसंबर 2014 में, कोहली ने एडिलेड ओवल पर दोनों पारियों में शतक जड़े थे (115 और 141)। हालांकि, इस टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 48 रनों से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कोहली का प्रदर्शन हमेशा याद रखा जाएगा।

### गौतम गंभीर भारतीय टीम से जुड़ने ऑस्ट्रेलिया लौटे



**नई दिल्ली, आरएनएन।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ऑस्ट्रेलिया वापस लौट गए हैं। 26 नवंबर को गौतम अपनी फैमिली फंक्शन में हिस्सा लेने के लिए भारत आए थे। कैनबरा में हुए दो दिवसीय पिंक बॉल प्रैक्टिस मैच में वे टीम का हिस्सा नहीं थे और यह मैच भारत ने 6 विकेट से जीत लिया था।

### ऑस्ट्रेलिया में कोहली का शानदार रिकॉर्ड



कोहली का ऑस्ट्रेलिया में रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर अब तक कुल 14 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 56.03 की औसत से 1457 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 7 शतक और 4 अर्धशतक निकले। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का सर्वोच्च स्कोर 169 रन है, जो उन्होंने 2014 में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बनाया था।

### 2014-15 के दौरे में मचाया था जमकर का तहलका

कोहली ने 2014-15 के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सबसे अधिक रन बनाए थे। दौरे में उन्होंने चार टेस्ट में 86.50 की औसत से 692 रन बनाए थे, जिसमें 4 शतक और एक अर्धशतक शामिल थे। इस दौरान कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जड़ने का रिकॉर्ड भी बनाया।

### ऑस्ट्रेलिया में फॉर्म शानदार

कोहली ने अपने घर भारत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतने अच्छे प्रदर्शन नहीं किए हैं। उन्होंने भारत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट मैचों में 39.18 की औसत से केवल 627 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। इसके विपरीत, ऑस्ट्रेलिया में उनके टेस्ट प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार देखा गया है, जहां उन्होंने बाउंसी पिचों पर अपनी बैटिंग क्षमता को शानदार तरीके से साबित किया है। कोहली का पिंक बॉल टेस्ट में भी अच्छा रिकॉर्ड रहा है। अब तक भारत की ओर से चार डे-नाइट टेस्ट मैचों में भाग लेने के दौरान उन्होंने 46.16 की औसत से 277 रन बनाए हैं। इन मैचों में उन्होंने एक शतक और एक अर्धशतक लगाया है। हालांकि, पिछले कुछ पिंक बॉल टेस्ट मैचों में उनका प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा है, लेकिन एडिलेड ओवल में उनकी वापसी की पूरी उम्मीद है।

**विराट का एडिलेड में टेस्ट रिकॉर्ड**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल मैच | 4 | रन | 509 | औसत | 63.62 |
| शतक | 3 | अर्धशतक | 1 | छक्के | 2 |
| चौके | 53 | | | | |

**कोहली का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट रिकॉर्ड**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल मैच | 23 | रन | 2147 | औसत | 48.79 |
| शतक | 9 | अर्धशतक | 7 | छक्के | 7 |
| चौके | 235 | | | | |

**विराट का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट रिकॉर्ड**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल मैच | 14 | रन | 1457 | औसत | 56.03 |
| शतक | 7 | अर्धशतक | 4 | छक्के | 5 |
| चौके | 159 | | | | |

**विराट कोहली का ओवरऑल टेस्ट करियर...**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल मैच | 119 | रन | 9145 | औसत | 48.13 |
| शतक | 30 | अर्धशतक | 31 | छक्के | 30 |
| चौके | 1020 | | | | |

## श्रीलंका ने रोमांचक मैच में बांग्लादेश को 7 रन से हराया

**अंडर-19 एशिया कप**

**दुबई, (एजेंसी)।** श्रीलंका ने अंडर-19 एशिया कप के नौवें मैच में बांग्लादेश को सात रन से हराया। विमत दिनसारा (106) की शतकीय पारी और कप्तान विहास थेवमिका (3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंका ने बांग्लादेश को आखिरी ओवर में 221 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के चार बल्लेबाजों को श्रीलंकाई टीम ने रनआउट किया। 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 50 ओवर में 221 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका की ओर से थेवमिका ने तीन विकेट लिए, जबकि चामुदिता, मतुलन और मनीषा ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले, श्रीलंका ने 228 रन बनाकर बांग्लादेश को 229 रन का लक्ष्य दिया। बांग्लादेश की गेंदबाजी में अल फहद ने चार और रिजान हसन ने तीन विकेट लिए।

## इंटर यूनिवर्सिटी कराटे में भाग लेंगे 650 खिलाड़ी

**भोपाल, (एजेंसी)।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में साउथ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी कराटे पुरुष प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 3 से 7 दिसंबर तक भोपाल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 125 विश्वविद्यालयों के 650 से अधिक खिलाड़ी और 200 से ज्यादा कोच-मैनजर्स भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग और अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

## मांडविया ने ध्यानचंद को उनकी पुण्यतिथि पर किया नमन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को उनकी 45वीं पुण्यतिथि पर नमन किया। मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, दुनिया के महानतम हॉकी खिलाड़ी, हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन। वे हॉकी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और अपने अद्वितीय खेल कौशल से उन्होंने भारत का नाम वैश्विक स्तर पर रोशन किया। गौरतलब है कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को हुआ था और उनका निधन 3 दिसंबर 1979 को हुआ था। उन्होंने 185 खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 400 से अधिक गोल किए, जो आज भी एक रिकॉर्ड है।

## केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के मध्य हुआ एमओयू

**ज्ञान और कौशल के विकास मोर्चे पर आरटीयू के विद्यार्थी बनेंगे सशक्त : प्रो.एस.के. सिंह,कुलपति**

**कोटा (पुकार)।** सीएसआईआर -केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), नई दिल्ली और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा के मध्य गुवाहाटी में भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2024 के दौरान सीएसआईआर मंडप में सहयोगात्मक अनुसंधान हेतु एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) संपन्न हुआ। आरटीयू के सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि सीएसआईआर-सीआरआरआई के निदेशक प्रो. मनोरंजन परिदा और आरटीयू के कुलपति प्रो.एस.के. सिंह ने सीएसआईआर के महानिदेशक और भारत सरकार के डीएसआईआर के सचिव डॉ. एन. कलैसेलवी की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन को औपचारिक रूप दिया।




इस समारोह में संस्थान के शीर्ष वैज्ञानिक के साथ मुख्य वैज्ञानिक और सूचना, संपर्क और प्रशिक्षण प्रमुख डॉ. रवींद्र कुमार सहित वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर दोनों पक्षो नें आपसी सहयोग, संयुक्त कार्यक्रमों और कौशल विकास के असिमित अवसरों पर सहमति जताई हैं। दोनों पक्षो नें द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा करने, जीवंत साझेदारी को मज़बूत करने तथा शिक्षा, कौशल विकास, गहन तकनीकी अनुसंधान एवं पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में जुड़ाव बढ़ाने के बारे में भी सार्थक बातचीत की, साथ ही दोनों ने तकनीकी शिक्षा मे सहयोग बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि हैं।

इस एमओयू का उद्देश्य सड़क अवसंरचना, परिवहन प्रणाली, पर्यावरणीय स्थिरता और सिविल इंजीनियरिंग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग के क्षेत्र में अनुसंधान और शैक्षणिक तालमेल को मजबूत करना है।

कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कहा की निःसन्देह यह आपसी साझेदारी तकनीकी विश्वविद्यालय की शोध यात्रा को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शोध-अनुसंधान, नवाचार और हमारी तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों का इसमें सक्रिय योगदान हमारे शिक्षा व्यवस्था की चहुमुखी उन्नति के आधार स्तम्भ है।यह एमओयू दोनों तकनीकी संस्थानों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर समन्वय और साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो. परिदा ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'यह समझौता ज्ञापन सहयोगी अनुसंधान, अकादमिक आदान-प्रदान और अत्याधुनिक तकनीकों के एकीकरण के माध्यम से सड़क और परिवहन इंजीनियरिंग में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने में एक मील का पत्थर है।'

## कृषि शिक्षा में कौशल विकसित करना महत्वपूर्ण : डॉ.मेहता

कृषि शिक्षा दिवस मनाया

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में मंगलवार को कृषि शिक्षा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस एल मेहता पूर्व कुलपति एमपीएयूएटीएवं पूर्व महानिदेशक कृषि शिक्षा आईसीएआर नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली की ओर से स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति और केंद्रीय कृषि मंत्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती एवं कृषि विकास में उनके योगदान का सम्मानित करने के लिए आज का दिन कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि के विभिन्न क्षेत्रों और देश के विकास में इसके महत्व से अवगत कराना है। उन्होंने कृषि और संबद्ध विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि शिक्षा में विद्यार्थियों को सफलता के लिए कौशल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि अनुसंधान, शिक्षा और विस्तार के महत्व को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि कृषि, डेयरी, कृषि प्रौद्योगिकी, मात्स्यिकी एवं सामुदायिक विज्ञान में उच्च शिक्षा के साथ स्वरोजगार के प्रचुर अवसर उपलब्ध हैं। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ धृति सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम में उदयपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों से 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ विशाखा बंसल ने किया। डॉ सरला लखावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




### विवाह समारोह से नकदी व जेवरातों से भरा बैग चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** हस्तीमल पुत्र कन्हैयालाल बोहरा निवासी वर्धमान नगर उत्तरी सुन्दरवास ने प्रतापनगर थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्री के विवाह समारोह के दौरान अज्ञात बदमाश बैग चुरा ले गए जिसमें सोने, चांदी के जेवरात, नकदी थी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात महिला की मौत

**उदयपुर (पुकार)।** सूरजपोल थाना क्षेत्र में मिली अज्ञात महिता की चिकित्सालय में मौत हो गई। 23 नवम्बर को सूरजपोल चौराहे पर बीमार हालत में मिली अज्ञात महिला को 108 एम्बुलेंस की मदद से चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। मृतका की उम्र करीब 50 वर्ष, रंग सांवला है, जिसके दाहिने हाथ पर राधा एवं बाएं हाथ पर बंशीलाल लिखा हुआ है।

### जुआ सट्टा खेलने का आदतन अपराधी डिटेन

**उदयपुर (पुकार)।** प्रतापनगर थाना पुलिस ने जुआ सट्टा के आदतन अपराधी मिंटू उर्फ रणजीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी भोपा मगरी हाल सुन्दरवास को गिरफ्तार कर अतिरिक्त जिला एवं मजिस्ट्रेट शहर के समक्ष पेश कर पांबद कराया गया। आरोपी के विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों में जुआ सट्टा के 36 प्रकरण दर्ज है।

**लकी चार्म** कोलकाता नाइट राइडर्स ने लगाया सबसे बड़ा 23.75 करोड़ का दांव, एक्सपर्ट बोले- उनके पास बड़ा मौका

# केकेआर की कप्तानी के लिए इस बार मप्र के वेंकटेश अय्यर के नाम की चर्चा

**● नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले सीजन के चैम्पियन श्रेयस अय्यर को रिटेन नहीं किया था, लेकिन उनको भारी भरकम राशि में खरीदने के बाद इस टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर को कप्तान बनाए जाने की चर्चा तेज हो गई है। अगर वेंकटेश को केकेआर का कप्तान बनाया जाता है, तो इंदौर ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश से आईपीएल को पहला कप्तान मिलेगा।

कप्तानी के सवाल पर वेंकटेश ने कहा, कौन नहीं चाहेगा आईपीएल फ्रेंचाइजी को लीड करना। अगर मुझे कप्तानी का मौका मिलता है, तो खुशी होगी। मैं अपना बेस्ट देने की कोशिश करूंगा। वेंकटेश अय्यर को केकेआर ने 23.75 करोड़ में खरीदा है। वे आईपीएल 2025 के तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं, जिनसे पहले ऋषभ पंत (27 करोड़) और श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़) का नाम आता है। 2024 में श्रेयस अय्यर को केकेआर ने अपनी टीम से रिलीज कर दिया और इस बार उन्हें पंजाब किंग्स ने खरीदा है।

### नीलामी में 12 गुना कीमत पर खरीदे गए वेंकटेश

वेंकटेश अय्यर को पहले केकेआर ने रिलीज कर दिया था, लेकिन नीलामी में उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रखी थी। इसके बाद केकेआर ने उन्हें 12 गुना अधिक कीमत पर फिर से अपनी टीम में शामिल किया। इस कारण से वेंकटेश के कप्तान बनने की संभावना पर चर्चा हो रही है।



### कप्तानी के संकेत और समर्थन

पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने 29 नवंबर को ट्वीट किया, वेंकटेश अय्यर पर केकेआर का 23.75 करोड़ रुपए खर्च करना उनकी कप्तानी की पुष्टि करता है। चंद्रकांत पंडित का साथ मिलने से उन्हें मदद मिलेगी। अय्यर के पास बड़ा मौका है।

### वेंकटेश इसलिए हैं कप्तानी के प्रबल दावेदार...

- केकेआर के हेड कोच चंद्रकांत पंडित का कप्तानी के लिए समर्थन, जो एमपी टीम के हेड कोच रहते हुए रणजी ट्रॉफी जीत चुके हैं।
- केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने वेंकटेश को लकी माना है और पहले ही इशारा किया था कि वेंकटेश को टीम में चुना जाएगा।
- एक इंटरव्यू में वेंकटेश ने कहा था, टीम का लीडर बनना चाहता हूं। मैं टीम का गठन, बल्लेबाजी क्रम और गेंदबाजी का तालमेल तय करना चाहता हूं।
- इस बार सभी आईपीएल टीमें भारतीय खिलाड़ियों को कप्तान बनाने की रणनीति पर काम कर रही हैं।
- अजिंक्य रहाणे राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रह चुके हैं, लेकिन अय्यर केकेआर से 2021 से जुड़े हैं।
- कोच दिनेश शर्मा का कहना है, वेंकटेश में कप्तानी के सभी गुण हैं।

## पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया

**बुलावायो, (एजेंसी)।** सुफियान मकीम की शानदार गेंदबाजी (5 विकेट, सिर्फ 3 रन देकर) और सईम अयूब (नाबाद 36) और ओमैर यूसुफ (नाबाद 22) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 मुकाबले में 10 विकेट से हराया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

जिम्बाब्वे ने 57 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसे पाकिस्तान ने सईम अयूब और ओमैर यूसुफ की शानदार पारियों के साथ 5.3 ओवर में बिना किसी विकेट के नुकसान पर 61 रन बनाकर हासिल कर लिया। इससे पहले, टॉस जीतकर जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ब्रायन बेनेट और तड़विनाशे मारुमानी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। लेकिन पांचवें ओवर में अब्बास अफरीदी ने मारुमानी (16) को आउट कर पाकिस्तान को पहला सफलता दिलाई। इसके अगले ओवर में हारिस रउफ ने ब्रायन बेनेट (21) को आउट किया। इसके बाद जिम्बाब्वे के बाकी बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएन में कालिदास के काव्यों में प्रकृति चित्रण पर कार्यशाला का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में संस्कृत विभाग द्वारा संस्कृत व्याकरण ज्ञान प्रतियोगिता एवं कालिदास के



काव्यों में प्रकृति चित्रण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ अपर्णा शर्मा ने बताया कि हमें हमारी संस्कृति से रूबरू होने के लिए संस्कृत भाषा का ज्ञान होना अति आवश्यक है। उपाचार्य डॉ इन्द्रसिंह राठौड़ ने छात्राओं को संस्कृत भाषा की महत्ता से अवगत कराया। विभागाध्यक्ष डॉ अनुसुया उपाध्याय ने बताया कि कार्यशाला में छात्राओं ने कालिदास की रचनाओं में वर्णित प्रकृति चित्रण को पत्रवाचन कर के प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर प्रज्ञा सोनी, द्वितीय स्थान दिव्या पालीवाल, तृतीय स्थान पूजा पालीवाल ने प्राप्त किया। संस्कृत व्याकरण ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या पालीवाल, द्वितीय स्थान मनीषा सालवी एवं तृतीय स्थान खुशी पालीवाल ने प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका डॉ संगीता मालपानी एवं डॉ पंकज राठौड़ ने निभाई। संचालन प्रज्ञा सोनी ने किया।

### अब वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा पीएमजेएवाई एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजनाओं का लाभ

**● योजना से सम्बद्ध निजी और सरकारी चिकित्सा संस्थानों में मिलेगा कैशलेस उपचार**

**राजसमंद (पुकार)।** सभी 70 वर्ष एवं अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जोड़ा गया है। इसी प्रकार प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना अन्तर्गत भी सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करते हुए कैशलेस उपचार की सुविधा दी गई है। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये 70 वर्ष एवं अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पोर्टल पर आवेदन करना होगा। सफल आवेदन के बाद पात्र परिवार के सभी वरिष्ठ नागरिक मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में कैशलेस उपचार का लाभ लेने के लिये पात्र होंगे। पात्र परिवार के सभी वरिष्ठ नागरिकों को सामूहिक रूप से 25 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार का लाभ मिलेगा। परिवार के अन्य सदस्य जो 70 वर्ष से कम आयु के हैं इस श्रेणी के लिये पात्र नहीं होंगे। वरिष्ठ नागरिकों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में सम्बद्ध सभी निजी एवं सरकारी चिकित्सा संस्थानों में निर्धारित पैकेजेज के अनुसार कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। उपचार का व्यय राजस्थान स्टेट हैल्थ इश्योरेंस एजेंसी द्वारा वहन किया जाएगा। राज्य एवं देश की अन्य स्वास्थ्य बीमा योजना के पंजीकृत पात्र परिवारों को उनकी वर्तमान योजना एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना दोनों में से किसी एक योजना के वन टाईम विकल्प का चयन करना होगा। योजना में पंजीकरण के लिये क्षेत्र की आशा सहयोगिनी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता से सम्पर्क कर ईकेवाईसी करवायें। आमजन स्वयं भी पीएमजेएवाई ऐप के जरिये भी पंजीकरण करवा सकते हैं।

### तैराकी में भी शुरू होगी इंडियन प्रीमियर लीग

**● अगले वर्ष एशियन चैंपियनशप भारत में होगी**

**● जूनियर नेशनल की मेजबानी राजस्थान को**

**राजसमंद (पुकार)।** जूनियर नेशनल तैराकी प्रतियोगिता की मेजबानी अगले वर्ष राजस्थान करेगा। यह प्रतियोगिता जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम के अंतरराष्ट्रीय तरणताल पर आयोजित की जाएगी। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की साधारण सभा (एजीएम) की दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने गए व्यास ने बताया कि एजीएम में वर्ष 2025 के कलैंडर निर्धारण के साथ ही कई अहम फैसले लिए गए। उन्होंने बताया कि क्रिकेट और अन्य खेलों की तरह अब तैराकी में भी इंडियन प्रीमियर स्विमिंग लीग का आयोजन किया जाएगा। लीग का फार्मेट के लिए एक छह सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। कमेटी में राजस्थान के अनिल व्यास को भी शामिल किया गया है। व्यास ने बताया कि 2025 में भारत एशियन स्विमिंग चैंपियनशिप की भी मेजबानी करेगा। इसमें स्विमिंग, डाइविंग, सिंक्रोनाइज स्विमिंग और वाटरपोलो की स्पर्धाएं होंगी। एशियन चैंपियनशिप का आयोजन संभवतः गुजरात या कर्नाटक में किया जाएगा। व्यास ने बताया कि पिछले काफी समय से निलंबित चल रही महाराष्ट्र स्विमिंग एसोसिएशन की मान्यता को फिर से बहाल करने के लिए भी एजीएम में एक तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में भी अनिल व्यास शामिल होंगे।

### शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक चयन प्रतियोगिता कल से

**राजसमंद(पुकार)।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा जारी शिविरा पंचांग अनुसार शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक चयन प्रतियोगिता के अन्तर्गत जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता 5 व 6 दिसम्बर तक राउमावि मोलेला (खमनोर) में आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी समिति जिला शाखा के अध्यक्ष कुबेरसिंह राठौड़, जिला मंत्री भगवतीलाल सनाढ्य व वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीमाली ने संयुक्त रूप से बताया कि इसके बाद मण्डल स्तरीय चयन प्रतियोगिता 12 व 13 दिसम्बर तक वागड़ सेंट्रल पब्लिक सैकण्डरी स्कूल धम्बोला सीमलवाड़ा डूंगरपुर में एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 30 दिसम्बर 2024 तक राउमावि कुचामन सिटी (डीड़वाना) में आयोजित की जाएगी।

# गो जिला प्रमुख-गो वत्स गोटू गुर्जर की की अनूठी मिसाल : लोगों को प्रेरित कर करवा चुके 80 लाख की गो सेवा

**राजसमंद (पुकार)।** स्वजन, समाज एवं प्राणी मात्र की सेवार्थ सदैव तत्पर रहने वाले जिले की केरपूरा गांव के गो जिला प्रमुख गोटु गुर्जर गो प्रेम तथा गो संरक्षण की दिशा में अनन्य प्रयास कर रहे हैं। वे तन, मन, धन से स्वयं तो सहायता करते ही हैं साथ ही अपने मित्रों, संबंधियों को भी निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने पिछले वर्ष अपना जन्म दिन श्री धेनुगोपाल गौशाला सियाणा में मनाया। जहां गोटूजी एवं उनके शुभचिंतकों ने 31 लाख रुपये गो सेवा में अर्पित किए। इसी प्रकार 20 लाख रुपए मालकोट गोशाला को दान किए। अपने करीबी मित्रों एवं परिचितों के वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन के उपलक्ष्य में बीस लाख रुपए विभिन्न गोशालाओं को भिजवा चुके हैं। सोशल मीडिया की पहल और उत्सवों की प्रेरणा के रूप में अब तक जिले के विभिन्न गौधाम एवं नन्दीग्रह के सुचारू संचालन के लक्ष्य को लेकर गोटू गुर्जर 80 लाख रुपए से अधिक राशि दान करवा चुके हैं। नवजात बालक और बालिका का उत्सव हो, जन्मदिन अथवा वैवाहिक वर्षगांठ हो, गोटूजी प्रत्येक शुभ



अवसर पर अपने स्नेहजनों के साथ गौशाला पहुंच जाते हैं। गो सेवा के निमित्त श्रमदान एवं वित्तदान करके अपने मंगल क्षणों को कृतार्थ कर चुके हैं। एक ओर आधुनिक एवं फैशनपरस्त संस्कृति का बोलबाला है। जहां लोग केक काटकर, मोमबत्ती बुझाकर या शराब की पार्टियां करके उत्सव मनाते हैं। अपव्यय को बढ़ावा देने वाली पाश्चात् जीवनशैली से दूर रहते हुए गोटू गुर्जर अपने सारे ही पर्व, उत्सव आदि भारतीय तरीके से सात्विक रूप से मनाते हैं। गो सेवा के लिए धनसंचय से कभी पीछे नहीं रहते। इन दिनों गोटू गुर्जर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर गो सेवा की अलग ही अलख जगाए हुए हैं। गोटूजी की प्रेरणा से उनके 500 से अधिक मित्र, परिचित आदि अपने और अपने परिजनों का जन्म दिन गोशाला, नंदीशाला में मनाते हुए लाखों का अर्थसंग्रह कर चुके हैं। ऐसे ही अनूठे प्रकल्पों के द्वारा जिले की विभिन्न गोशालाओं को अब तक एक करोड़ से अधिक राशि दान में मिल चुकी है। चरित है मूल्य जीवन का। वचन प्रतिबिंब है मन का। सद्‌यता है प्रभा धन की सुयश है आयु सज्जन की। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए अपने रिश्तेदार, व्यापारी अथवा मित्रों को किसी न किसी गौशाला में ले जाकर गो सेवा की प्रेरणा देने वाले गोटू गुर्जर को गो प्रतिष्ठा आंदोलन के प्रणेता जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने जिले का गो जिला प्रमुख नियुक्त किया है। इसकी अनुशंसा करते हुए प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जांगिड़, प्रदेश सचिव प्रदीप कुमार राठौड़ एवं गो सांसद दरबार सिंह राव ने हर्ष व्यक्त किया है। गो जिला प्रमुख गोटू गुर्जर के नेतृत्व में आगामी दिनों में गौमाता, राष्ट्रमाता आंदोलन की कड़ी में व्यापक जन जागरण किया जाएगा। जिले की सभी तहसील स्तर पर गो ध्वज की स्थापना, विशाल वाहन रैलियां भी संचालित्त की जाएंगी।

## विधायक ने धर्मांतरण से राष्ट्र की सुरक्षा को उत्पन्न हो रहे खतरों को लेकर किया सचेत

**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने राज्य सरकार द्वारा अवैध धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक का पुरजोर समर्थन करते हुए इसे समाज और राष्ट्र के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश की एकता और अखंडता की सुरक्षा के लिए अत्यावश्यक है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने केलवा, पीपरड़ा, पीपली आचार्यान, साकरोदा और राजनगर क्षेत्र का परिभ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय वासियों से संवाद करते हुए अवैध धर्मांतरण से राष्ट्र की सुरक्षा को उत्पन्न हो रहे गंभीर खतरों के प्रति सभी को सतर्क रहने का आग्रह किया।



विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान सरकार और भाजपा अवैध धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति को उसकी आस्था के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता देना है लेकिन किसी को डराकर, धमका कर, या लोभ देकर धर्म परिवर्तन करवाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस अवैध धर्मांतरण और घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है।

## वाहन ने बिजली के तीन खंभे उखाड़े

**● एक महीने में तीन वारदात**

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही कस्बे में पुराना बस स्टैंड के पास स्थित नरसिंह द्वारा आश्रम के पास अज्ञात



वाहन ने सोमवार रात 10 बजे बिजली के खंभे को लपेट में लेते हुए तीन बिजली खंभों को गिराया। वहीं आबादी में बसे मकान के 10 मी घर के बाहर खंभे टूटकर लटक गए जिससे रात्रि में बिजली गुल हो गई। ग्रामीणों की जाग होने से तथा सूचना पर उपसरपंच दिग्विजय सिंह भाटी सहित ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। लकड़ी से भरे हुए डंपर के ड्राइवर को पड़कर कांकरोली थाना पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस व बिजली विभाग को भी खरी खोटी सुनाई। गांव में एक माह में तीन बार करीब 10 बिजली खंभों को तोड़कर कई घरों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। वहीं सोमवार को रात भर ग्रामीण अंधेरे में रहे। आए दिन बिजली की अनियमित कटौती पर भी ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## खेमराज कमेटी की सिफारिशें लागू करने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**राजसमंद (पुकार)।** राज्य सरकार के राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामसं) की मांग के अनुसार पूर्व गठित खेमराज कमेटी की सिफारिशें लागू करने के निर्णय का संगठन ने स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया। महासंघ के जिला महामंत्री राकेश सुथार ने बताया कि विगत कई वर्षों से वेतन विसंगति को लेकर गठित कमेटी की लंबित सिफारिशें लागू करने की मांग करता रहा है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कमेटी की सिफारिशों को लागू करने का निर्णय किया गया। जिससे राज्य कर्मचारी वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई। वर्षों से लंबित मांग को पुरी करने पर जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष सीमा गहलोत, रंजीत कुमार त्रिपाठी, पृथ्वीसिंह राजपुरोहित, लता आमेटा, डॉ अजय दाधीच, अंकित विजयवर्गीय, हरलाल पूर्बिया, मनोज शर्मा, प्रहलाद सिंह चौहान, रमेश जैलिया, राकेश गौड़ ने खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

## राज माली सेवा संस्थान राजसमंद की प्रबंधकारिणी बैठक संपन्न

**राजसमंद (पुकार)।** जिले के उपनगर धोइंदा स्थित जिला संस्थान में मंगलवार को राज माली सेवा संस्थान राजसमंद की प्रबंधकारिणी बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिलाध्यक्ष एडवोकेट बीएल माली ने बताया कि आगामी 29 दिसंबर 2024 को समाज के पांच चौखलों राजसमंद, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा जिलों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं और पेशेवरों को सम्मानित करने के लिए मेवाड़ स्तरीय प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में वर्ष 2023 और 2024 में कक्षा 10वीं से उच्च शिक्षा तक अध्ययनरत मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ ही विभिन्न स्तरों पर (जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय) सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही वर्ष



2020 से 2024 के दौरान सरकारी सेवा में चयनित हुए व्यक्तियों के साथ-साथ अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, इंजीनियर, डॉक्टर और अन्य पेशेवरों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज के प्रतिभाशाली सदस्यों को सम्मानित करना है। इस दौरान उपाध्यक्ष लालूराम माली जोयरा, सहसचिव हीरालाल माली, कोषाध्यक्ष सीए राजेंद्र माली, पूर्व बारहखेड़ा अध्यक्ष जगदीश चंद्र भोई, कार्यकारिणी सदस्य जगदीश चंद्र माली, फतहलाल माली, जिला खेल कमेटी सदस्य सुरेशचंद्र माली, एडवोकेट पुष्पेंद्र भोई आदि उपस्थित थे।

## पीएम श्री योजना व विज्ञान ज्योति कार्यक्रम में विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को सरल तरीके व भाषा से समझाया

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में पीएम श्री योजना व विज्ञान ज्योति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य घनश्याम मीना ने बताया कि पीएमश्री योजना व विज्ञान ज्योति कार्यक्रम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से छात्रों में नई ऊर्जा का संचार होता है और वे भविष्य के लिए तैयार होते हैं एवं विद्यालय हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और इसी क्रम में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। पीएमश्री योजना व विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रोफेसर वाय के विजय से सीधा साक्षात्कार एवं नवोन्मेष केंद्र के कार्यकलापों का अनुभवात्मक तथा रचनात्मक परिचय दिया गया। प्रारंभ में पीजीटी (गणित) प्रकाश गांधी ने प्रो. विजय का स्वागत किया। प्रो. विजय ने विज्ञान के कई प्रयोगों को सरल तरीके व भाषा के माध्यम से बताते हुए प्रयोगों के पीछे कार्य करने वाले सिद्धांतों को




समझाया। विद्यार्थियों ने सभी प्रयोगों को स्वयं करके सीखा व अनुभव किया। विजय ने बताया कि हवा में बॉल व बोतल का उड़ना, पैराशूट का उड़ना ये सभी बरनौली सिद्धांत पर आधारित हैं। ब्लैक बॉडी रेडिएशन, स्कैटरिंग आफ लाइट, गति के नियम, घनत्व के प्रयोग, बल्ब और विद्युत धारा के प्रयोग, चालक, कुचालक व अर्धचालक वस्तुओं को प्रायोगिक रूप से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों के सभी प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी विज्ञान के प्रति जिज्ञासा को शांत किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान सबके लिए है इसलिए विद्यार्थियों को आनंद के साथ शांत चित्त व रूचि के साथ विज्ञान का अध्ययन करना चाहिए। विद्यार्थियों की विज्ञान के प्रति रुचि को देखकर उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी आने वाले समय के वैज्ञानिक, डाक्टर व इंजीनियर हैं। पीजीटी (भौतिकी विज्ञान) राजपाल सिंह मंडिया ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इस तरह के क्रियाकलाप होते रहने चाहिए जिससे बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पीजीटी (रसायन विज्ञान) संजय जगवाल ने आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आभार पीजीटी (जीव विज्ञान) राखी कुलश्रेष्ठ ने ज्ञापित किया।

## राज्य युवा महोत्सव 2024-25 में पंजीयन कार्य जारी

**राजसमंद (पुकार)।** ब्लॉक राजसमन्द के राज्य युवा महोत्सव 2024-25 में पंजीयन कार्य अभी जारी है। इच्छुक कलाकार अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन स्वयं की आईडी से राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक से करा सकते हैं। 15 से 29 आयु वर्ग के सभी युवाओं के पंजीयन इस महोत्सव में भाग लेने के लिए कराए जा सकते हैं। राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से राज्ययुवा महोत्सव कई चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरूआत ब्लॉक स्तर से की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर चयनित विजेता जिला स्तर पर तथा जिले में चयनित विजेता संभाग स्तर पर भाग लेगा। संभाग में विजेता राज्य युवा महोत्सव में भाग ले सकते हैं। 15 से 29 वर्षीय युवा कई विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने भविष्य की संभावनाओं को तलाशने की पहल कर सकते हैं। राजसमन्द ब्लॉक की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्र राजसमन्द से अधिकाधिक पंजीयन कराने से क्षेत्र की युवा प्रतिभाओ को आगे लाया जा सकता है। ब्लॉक अधिकाधिक पंजीयन कराने से क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को आगे लाया जा सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष, जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल व जिला प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से प्रतिवर्ष 3 दिसंबर को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर श्री द्वारकेश अक्षम सेवा संस्थान द्वारा विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए संचालित श्री जागृति उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष योग्यजन एवं बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विशेष योग्यजन के लिए विधिक अधिकारों की जानकारी प्रदान की गई। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः विक्रमसिंह, कालुलाल एवं माही प्रजापत तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः भैरवसिंह,



रोहित गायरी एवं हिम्मत दशाना रहें। इस दौरान बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विशेष योग्यजनों के लिए होने वाली समस्याओं, परेशानियों एवं उनके अधिकारों के बारे में अवगत करवाया गया। जिसमें मनीष गाडरी, हरिओम, बसन्तीलाल ने भाग लिया। प्राधिकरण के वरिष्ठ सहायक हेमंत पालीवाल ने बताया कि इस विशेष दिवस का उद्देश्य दिव्यांगजनों का विकास सुनिश्चित कर उन्हें मुख्यधारा में शामिल करना है एवं उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने, उनके अधिकारों एवं कल्याण पर ध्यान केंद्रित कराने के लिए यह एक प्रयास है। इस दौरान प्राधिकरण कार्मिक नरेश जीनगर, सागर वर्मा, प्रधानाध्यापिका अनीता परियाणी, चंदन कंवर, सुनील चंदेल, दिनेश खारोल, उमेश भट्ट, पिन्टु जैन सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें...

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न



**सलूंबर ।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में जिला स्तर पर राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 12 से 15 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस संबंध में समस्त अधिकारी आवंटित कार्य के अनुसार समन्वयता से कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यक्रम करवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में विद्युत,पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।अतिरिक्त जिला कलेक्टर गहलोत ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तर पर 12 दिसम्बर को रन फॉर विकसित राजस्थान, युवा सम्मेलन, रोजगार उत्सव, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन, सुजस विशेषांक का विमोचन के कार्यक्रम तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जायेगी।अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि 13 दिसम्बर को किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 दिसम्बर को अन्तोदय सेवा शिविर,महिला सम्मेलन कार्यक्रम इत्यादि आयोजित किए जाएंगे और उन्होंने बताया कि 15 दिसम्बर को राज्य स्तर से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्थान सम्पर्क पोर्टल के प्रकरणों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई–फाईल निस्तारण में समय कम से कम हो इसके संबंध में समस्त अधिकारी स्वयं मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आई–गोट में कर्मयोगी पंजीकरण में शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सहित सभी विभागों के कार्मिकों का पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने विभागीय अधिकारियों को लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों का समयबद्धता से निस्तारण करने तथा कंटेंप्ट आफ कोर्ट के मामलों में रिप्लाई फाइल करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री परमजीत, निलेश कुमार कलाल, एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक, सीएमएचओ डॉ संपत मीणा, उप निदेशक डीओआईटी जीवन राम मीणा, डीटी ओ सुरेन्द्र सिंह गुलिया, पीआरओ पुष्पक मीणा सहित बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सलूम्बर हुआ प्रदेश में गौरवान्वित, कलक्टर संधू हुए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




**सलूंबर।** सलूंबर जिले के लिए मंगलवार का दिन बड़े ही गौरव एवं गर्व का क्षण रहा जब जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को राष्टपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों राष्टीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सुगम्य भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन, बाधा मुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/संघ/राज्य क्षेत्र/जिला के तहत दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में उत्कृष्ठ व सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को राष्टीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित किया गया। इस मौके पर देश के विभिन्न राज्यों और जिलों से आए गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद इसे टीम वर्क का परिणाम बताते हुए कहा, 'यह सम्मान सलूंबर जिले की पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है और आगे भी सभी टीम भावना से कार्य करेंगे। इस उपलब्धि ने सलूंबर जिले को राष्टीय पटल पर गौरवान्वित किया है और दिव्यांगजनों के लिए बाधा-मुक्त वातावरण बनाने के प्रयासों को और भी प्रेरित किया है। जिला कलेक्टर ने सलूंबर जिले में हजार से अधिक सरकारी इमारतों को दिव्यागजन के लिए सुगम्य बनाया ओर पांच हजार से अधिक दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं चार हजार से अधिक यूडीआईडी कार्ड भी दिलाए गए।

## सामुदायिक गतिशीलता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया



**आमेट ।** समग्र शिक्षा अभियान द्वारा आमेट ब्लॉक के समस्त दक्ष प्रशिक्षकों का विद्यालय में चल रही विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति एसएमसी व एसडीएमसी सामुदायिक गतिशीलता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह चुण्डावत के मुख्य आतिथ्य व केआरपी शैतान सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ । विशिष्ट अतिथि शिक्षक मुकेश वैष्णव थे । केआरपी शैतान सिंह मीणा ने विद्यालय में एसडीएमसी के गठन व कार्य प्रणाली पर विस्तृत जानकारी प्रदान की । एमटी मुकेश वैष्णव ने विद्यालय विकास में एसएमसी की भूमिका पर वार्ता दी । दक्ष प्रशिक्षक जयप्रकाश ने एसएमसी के दायित्व व अधिकारों से परिचित करवाया। संचालन रिसोर्स पर्सन धर्मेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह चुण्डावत,पारस जाट, गजेन्द्र वर्मा,सत्यप्रकाश मीणा, मुकेश शर्मा, राकेश कुमार,मनराज मीणा,राम किशोर यादव,मनीष शर्मा,बाबुलाल रेगर, गोपीलाल ,हरलाल रेगर, मनोहर लाल कुमावत, महेश कुमार,बुद्धि प्रकाश मीणा सहित सभी सम्भागी मौजूद रहे।

# विधायक अशोक कोठारी ने दिव्यांगजनो का किया स्वागत

# प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर अतिशीघ्र 55 दिव्यांगों को वितरित करेंगे स्कूटीयां



**भीलवाड़ा (पुकार)।** विधायक अशोक कोठारी के कार्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। निर्वाचन के प्रथम वर्ष पूर्ण होने एवं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधायक कोष से 55 दिव्यांगों को अतिशीघ्र स्कूटीयां मिलेगी। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, आज मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय पर विधायक अशोक कोठारी के अध्यक्षता व शिक्षाविद डॉ. देवेंद्र कुमावत, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप सांखला, युवा मोर्चा के शुभाष सोनी के विशिष्ट आतिथ्य में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनो व दिव्यांग विधानसभा संयोजक पवन लोढ़ा, सहसंयोजक अभिषेक जैन, सदस्य ओमप्रकाश दमामी, श्रीमती सोनिया जाजू, ऋषि लोढ़ा, अशोक टेलर का स्वागत कर तिलक लगाकर, उपरना पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम भारत माता की चित्र पर मालार्पण कर विधायक अशोक कोठारी व अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया। कोठारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 3 दिसम्बर को प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। विकलांगता कोई अभिशाप नहीं है, इसी भावना को ध्यान में रखते हुए हमारे यशश्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में मन की बात कार्यक्रम में विकलांग भाइयों को नया नाम दिया जिसको दिव्यांग शब्द से संबोधन करने हेतु कहा गया। हमारा मानना है कि विकलांग व्यक्ति अपने आप को कमजोर नहीं समझें क्योंकि परमात्मा अगर कोई कमी देता है तो उसकी भरपाई हेतु वह कुछ अतिरिक्त योग्यता ही देता है। विकलांगता शारीरिक से ज्यादा मानसिक स्तर पर व्यक्ति को प्रभावित करती है। हमारे सामने अरुणिमा सिह्ना का उदाहरण है, जिन्होंने दिव्यांग रहते हुए वर्ष 2013 में दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐवरेस्ट को फ्तह किया, जिन्होंने रेल दुर्घटना में एक पाँव बिलकुल गंवा दिया था, फ्रि भी उन्होंने मनोबल की शक्ति के सामने अपनी दिव्यांगता को बौना साबित कर दिया। प्रसिद्ध डॉ. सत्येन्द्र सिंह को नहीं भूल सकते जिन्होने 9 माह की अल्प आयु में पोलियो से ग्रस्त होने के बाद भी दिव्यांगों के लिए लड़ाई लड़ी और आज उन्हीं की मेहनत का ही परिणाम है कि एटीएम में रेम्प बनाकर विकलांग अनुकूल बनाया गया है। सुधा चन्द्रा जो कि एक प्रसिद्ध नृत्यांगना है जिनके 5 वर्ष की अल्पायु से ही भरतनाट्यम में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाया है। रविन्द्र जैन प्रसिद्ध संगीतकार जिन्होने रामायण धारावाहिक में संगीत दिया है। उनकी बचपन से ही आँखों की की रोशनी नहीं थी। राजनीति के क्षेत्र में इतनी व्यस्तता और भागदौड़ रहती है वहाँ भी हमारे साथी अजित जोगी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे हैं जिन्होने 2004 में दुर्घटना के कारण अपनी विकलांगता को कभी आड़े नहीं आने दिया और 1 सफ्ल मुख्यमंत्री बन कर रहे। डॉ. सुरेश आडवाणी को दिव्यांग होते हुए भी भारत के फेमस केंसर स्पेशलिस्ट में गिना जाता है। पैरा ओलम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेन्द्र झाझरिया दिव्यांग होते हुए झुंझनू से भाजपा की ओर से चुनाव लड़ा है। मेरा मानना है कि अगर आप मानसिक रूप से मजबूत है तो शारीरिक कमजोरी आपके आड़े नहीं आयेगी। इस मौके पर डॉ. कुमावत व सांखला ने भी संबोधित किया।

## भाविप विवेकानंद शाखा का राजस्थान सरकार ने किया सम्मान

## 55 दिव्यांग सहायता शिविर लगा 3000 लोगो को किया लाभान्वित



**भीलवाड़ा (पुकार) ।** राजस्थान सरकार के विशेष योग्यजन निदेशालय जयपुर व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से जयपुर के भगवत सिंह मेहता सभागार में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की भीलवाड़ा विवेकानंद शाखा का सम्मान किया गया। परिषद को यह सम्मान पिछले 28 वर्षों में 55 दिव्यांग सहायता शिविर लगाकर 3000 दिव्यांग जनों को कृत्रिम हाथ पैर एवं अन्य तरीके से लाभान्वित करने के लिए दिया गया। यह सम्मान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अविनाश गहलोत एवं विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडानी एवं प्रांतीय संयुक्त महासचिव रजनीकांत आचार्य को प्रदान किया। सम्मान मिलने पर भारत विकास परिषद की सभी शाखाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## भामस का श्रमिक सम्पर्क अभियान जारी

## भीलवाड़ा सरस डेयरी, रिको इण्डस्ट्रीयल ऐरिया, कृषि उपज मण्डी में किया सम्पर्क



**भीलवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ भीलवाडा ने आज दिनांक 03.12.2024 के श्रमिक सम्पर्क अलग-अलग स्थानों पर किया। जिला मंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि भीलवाड़ा सरस डेयरी, रिको इण्डस्ट्रीयल ऐरिया, कृषि उपज मण्डी में सम्पर्क किया व सभी श्रमिकों को पत्रक वितरण किये तथा उनकी समस्याऐं भी जानी, उनके हितों एवं अधिकारियों के लिये जाग्रत किया। भामस के वरिष्ठ नेता प्रभाष चौधरी ने भारतीय मजदूर संघ की विचारधारा व 70 वर्ष तक पहुंचने के कार्य व उपलब्धियां बताई कि किस तरह भारतीय मजदूर संघ शून्य से सबसे बड़ा संगठन बना व देश के हित में करेगें काम, काम का लेगें पूरे दाम के उद्देश्य से कार्य करता है तथा सभी मजदूरों में राष्ट भावना जाग्रत हो इस उद्देश्य से भी कार्य कर रहा है। सम्पर्क के दौरान शंभू तेली, भैरू बैरवा, शंकर नायक, फिरोज, मान सिंह, देवेन्द्र वैष्णव, कन्हैयालाल माली, रामेश्वर डीडवानिया सहित कई मौजूद थे।

## सलूम्बर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट आज

**सलूंबर (पुकार) ।** राज्य में नवीन निवेश प्रोत्साहन एवं रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर आयोजित हो रहे राइजिंग राजस्थान समिट 2024 के तहत सलूम्बर में जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन सलूम्बर जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में 4 दिसम्बर को लवकुश शिक्षण संस्थान, सलूम्बर में होगा। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त समिट में उद्यम (उद्योग, कृषि, मेडिकल, ट्यूरिज्म, होटल/रिसोंट, शिक्षण संस्थान, कॉमर्शियल संस्थान, खनन, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट आदि) स्थापित करने की इच्छुक इकाईयों/भावी निवेशकों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। जिन उद्यमियों के साथ एमओयू किए जाएंगे, उन्हें संबंधित विभागों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर हैण्ड होल्डिंग सपोर्ट प्रदान किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सलूम्बर जिले के लिए राज्य स्तर पर लगभग 305 करोड़ रूपए तथा जिला स्तर पर 40.27 करोड़ रूपए के निवेश प्रस्तावित विभिन्न सेक्टर में प्राप्त हुए हैं।

## भाविप राजस्थान मध्य प्रांत ने किया सद्विचार स्लोगन युक्त स्टिकर का विमोचन

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत की ओर से सद्विचार स्लोगन युक्त स्टिकर का विमोचन किया गया। यह विमोचन भारत विकास परिषद के सेवा चेयरमेन मुकुन सिंह राठौड़, प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी, प्रांतीय संयुक्त महासचिव रजनीकांत आचार्य, भूपेंद्र मोगरा व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया। यह स्टिकर मध्य प्रांत की सभी शाखाओं सहित आम जन को वितरित किए जाएंगे। इनके माध्यम से परिषद के सेवा प्रकल्प को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।



## जिला स्तरीय अंडर 11 वर्षीय बालक बालिका प्राथमिक विद्यालय प्रतियोगिता कबड्डी व खो खो में झाड़ोल ने कब्जा कर 2025 मे जिला प्रतियोगिता करने का झंडा लिया





**फतहनगर (पुकार) ।** फतहनगर क्षेत्र की खरताना पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनेरिया मे चल रही चार दिवसीय प्राथमिक विद्यालयों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति मावली प्रधान नरेन्द्र कुमार चंडालिया थे जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच गोपाल सिंह झाला ने की. इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि सरपंच लक्ष्मी कुंवर झाला , मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार, ब्लॉक कांग्रेस मावली के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गोखरू, अशोक वैष्णव, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष खेमली महेंद्र सिंह राणावत, धर्मेश चपलोत,पार्षद नरेश जाट, श्यामलाल आमेटा, प्रतियोगिता केंद्राध्यक्ष शिव शंकर आमेटा, सुखलाल गुर्जर, जिला खेल संचालन समिति के युगल किशोर शर्मा, बलबीर सिंह राठौड़, पर्यवेक्षक मनोज समदानी, भान सिंह राव, मोहनलाल सोनी, शारीरिक शिक्षक उप जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण दास वैष्णव, वाक् पीठ अध्यक्ष नरेंद्र आमेटा, अब्दुल गनी जिला वाकपीठ अध्यक्ष शारीरिक शिक्षक विजय लाल मेनारिया, जगन्नाथ सिंह, शारिरिक शिक्षक संघ प्रदेश महामंत्री भेरू सिंह राठौड़, अंबेडकर शिक्षक संघ प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु , संयुक्त महासंघ दिलीप सिंह कछेर, प्रगति शील शिक्षक संघ के विजय आमेटा, शुक्ला डांगी, दीपमाला, प्रवीण आमेटा, चमन सिंह राठौड़ आदि का मेवाड़ी पगड़ी उपरने से स्वागत अभिनंदन किया गया. सर्व प्रथम सरस्वती की पूजा अर्चना व माला पुष्प अर्पित करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई. प्रधान नरेंद्र कुमार चंडालिया द्वारा सभी अतिथियों, कबड्डी, खो खो, रिंग फेक, जिमनास्टिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले बालक बालिकाओं को तथा शारीरिक शिक्षकों एवं दल प्रभारी को ट्रॉफी, मोमेंटो आदि पुरस्कार वितरित किए गए. बालक वर्ग कबड्डी में झाडोल प्रथम, फलासिया द्वितीय स्थान पर रहा. बालिका वर्ग कबड्डी में ऋषभदेव प्रथम, फलासिया द्वितीय स्थान पर रहा. प्रधान द्वारा उद्बोधन में कहा गया कि बच्चों का खेल व शिक्षा द्वारा सर्वांगीण विकास होता है. ब्लॉक झाडोल द्वारा 2025 में अंडर 11 वर्षीय बालक बालिका जिला स्तरीय खेलकूद प्राथमिक स्तर की प्रतियोगिता करने का झंडा लेकर घोषणा की गई. इस दौरान विद्यालय परिवार एवं ग्राम पंचायत द्वारा सभी दल प्रभारी एवं शिक्षक सदस्यों का आभार जनरल रेफरी चमन सिंह राठौड़ तथा खरताना प्रधानाचार्य सुखलाल गुर्जर द्वारा आभार व्यक्त किया गया. कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुमार आमेटा व शिक्षिका पायल द्वारा किया गया।

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की गणना के लिए श्रम ब्यूरो ने किया निरीक्षण

**भीलवाड़ा (पुकार) ।** श्रम ब्यूरो द्वारा जारी किये जाने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का उपयोग कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के निर्धारण हेतु किया जाता है। जिसमें भीलवाड़ा जिले के तीन मार्केट-भीलवाडा, गुलाबपुरा व बिजौलिया से 4 बास्केट (मद-समूह) की सूचनाओं का संग्रहण सांख्यिकी विभाग द्वारा साप्ताहिक व मासिक आधार पर किया जाता है। श्रम ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद के सहायक निदेशक महेश कुमार अग्रवाल ने उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग भीलवाडा डॉ.सोनल राज कोठारी, अन्वेषक चिरंजी लाल तंवर व सांख्यिकी निरीक्षक गोविन्द डिडवानिया के साथ भीलवाडा केन्द्र के बाजारों में मूल्यां का कई दुकानों पर निरीक्षण किया व सूचनाओं की गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिए गए। महेश कुमार अग्रवाल ने मकान किराया पुनः सर्वेक्षण (आरएचआरएस) के लिए संगम इण्डिया लिमिटेड, बिलिया कलां तथा आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड, स्वरुपगंज का दौरा किया तथा मकान किराया की जांच की।

## आमेट पुलिस की अवैध बजरी खनन माफिया पर कार्यवाही, अवेध बजरी दोहन करता एक डम्पर डीटेन

**आमेट (पुकार) ।** जिले में अवैध खनन की रोकथाम व कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत ज्ञानेन्द्र सिह वृताधिकारी वृत कुम्भलगढ़ के सुपरविजन में थानाधिकारी सुरेन्द्र सिह शक्तावत द्वारा थाना हाजा से एक टीम का गठन कर अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। थाना प्रभारी ने बताया कि 2 दिसम्बर 2024 को सउनि बंशीलाल मय जाप्ता कानि रणवीर मय सरकारी वाहन मय चालक सुरेश कुमार हल्का गश्त करता हुआ। कस्बा आमेट, किशनपुरिया,घोसुण्डी की तरफ हल्का गश्त करता हुआ जा रहा था। की मुखबिर से सूचना मिली की किशनपुरिया की तरफ से एक डम्पर में बजरी से भरा हुआ हो डम्पर किशनपुरिया फाटक की तरफ जा रहा है । जिस पर घोसुण्डी हो किशनपुरिया फाटक की तरफ पहुंचा तो डम्पर आमेट की तरफ जाता हुआ नजर आया। आगे जाकर रूकवाया तो डम्पर को डम्पर चालक मौके पर छोडकर भाग गया। डम्पर में एक युवक बैठा था। जिसको नाम व पता पुछा तो उसने अपना नाम श्रवण सिहं पिता गंगा सिहं राजपुत निवासी किशनपुरिया थाना आमेट होना बताया। डम्पर को चैक किया तो बजरी से भरा हुआ था । जिसके कागजात के बारे में पुछा तो मौके पर उपस्थित श्रवण सिहं ने कोई कागजात नही होना बताया व डम्पर के नम्बर चैक किये तो डम्पर के आगे आर जे 51 जीए 2277 हिन्दी में लिखे हुए पाये गये । उक्त डम्पर में भरा पदार्थ अवैध खनन होना पाया जाने से डम्पर को डिटेन कर थाना लाया गया व अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग आमेट को सूचित किया।



# साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय घोषणाओं - योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति लाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं और डीएमएफटी के अंतर्गत बकाया कार्यों को शीघ्र पूरा करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्य मों की जानकारी ली और अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर आयोजन को सफल बनाने सहित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने

शिक्षा विभाग से समसा, डीएमएफटी और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और पीएम श्री योजना के अंतर्गत कार्यों की अलग से रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एवीवीएनएल से बिजली सप्लाई, कृषि कनेक्शन, जले हुए खराब ट्रांसफार्मर की स्थिति, रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ, एलपीजी आधार सीडिंग, मैपिंग आदि की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सीएमएचओ से आयुष्मान आरोग्य शिविरों की तैयारी, आयुष्मान कार्ड वितरण, वयः वंदन योजना के अंतर्गत कार्यों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे आवश्यक रूप से राजकाज पर ई-फाइलिंग, पेंडिंग फाइलों का एवं संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारण करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भूमि अवाप्ति रामचंद्र खटीक ने आई गोट कर्मयोगी पोर्टल पर सभी कार्मिकों का रजिस्ट्रेशन करने और पाठ्य म करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकार के 1 साल के कार्य मों की तैयारी रखने, लोकार्पण - शिलान्यास का सर्टिफिकेट भिजवाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर डीएफओ विजय शंकर पांडे, एसीईओ राकेश पुरोहित, सीएमएचओ ताराचंद गुप्ता, उप निदेशक समाज कल्याण अशीन शर्मा, पीएचईडी एस ई सुनीत कुमार, उपनिदेशक उद्यान शंकरलाल जाट, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के उपनिदेशक प्रवीण जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# हॉस्पीटल के बरामदे में परिजनों ने ही कराई महिला की डिलीवरी

## नर्सिंगकर्मी देखते रहे, एक डॉक्टर एपीओ, जांच के लिए 3 सदस्यीय कमेटी गठित

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** जिलें के चौरासी क्षैत्र के पीठ गांव में स्थित पीएचसी पर कार्यरत नर्सिंग कर्मियों की संवेदनहीनता की तस्वीर सामने आई है। दरवाजें पर एक गर्भवती महिला प्रसव के दर्द से तड़पती रही। लेंकिन भगवान का दुसरे रूप के वेश में दरवाजे पर खड़े दो नर्सिंगकर्मी घडी देखकर बोले-अभी हॉस्पीटल खुलने में आधा घंटा है, इंतजार करों। महिला के साथ पीएचसी पंहुचें परिजनों ने महिला की दरवाजें पर ही डिलीवरी कराई। महिला खून में लथपथ परिसर में पड़ी रही। मामले के सामने आने के बाद डूंगरपुर सीएमएचओ डॉ.अलंकार गुप्ता ने पीएचसी के मेडिकल ऑफिसर डॉ.जयसिंह चौधरी को एपीओ कर दिया है। मामले में सीएमएचओ ने 3 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। सीएमएचओ खुद भी मामले की जांच कर रहे हैं। उधर महिला के परिजनो के साथ ही रिश्तेंदार भी पीएचसी के बाहर धरने पर बैठे और पीएचसी के पूरे स्टॉफ को सस्पेंड करने की मांग करने लगे।



सीमलवाड़ा। पीएचसी परिसर में महिला की डिलेवरी कराते हुए परिजन एवं धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों से समझाइश करते हुए सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता। गुणवंत कलाल

घटना सीमलवाड़ा थाना इलाके के पीठ पीएचसी में सोमवार सुबह 8.30 बजे हुई थी। अस्पताल खुलने का समय सुबह 9 बजे है। इस घटना के बाद मंगलवार सुबह परिजन और गांव वाले हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठ गए। डॉक्टर स्टाफ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। मेडिकल ऑफिसर को एपीओ करने और जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना खत्म किया।

**बड़ी वेदनाः स्वास्थ्य केंद्र जर्जर, 2 डॉक्टर ओर 13 का स्टाफ पर नहीं मिलता इलाज**

क्षैत्र का पीठ पीएचसी का भवन जर्जरहाल हो चुका है। पीडब्ल्यूडी ने पीएचसी भवन को 25 मई 2023 को नकारा घोषित कर दिया है। इसके बाद से पीएचसी को परिसर में ही बने क्वार्टर्स में शिफ्ट कर दिया गया है। पीएचसी भवन नकारा घोषित होने के बाद एक भी संस्थागत प्रसव नहीं हुआ है। अस्पताल में 2 डॉक्टर ओर 13 का स्टाफ है। बावजूद एक गर्भवती को इलाज नहीं मिलना सबसे बड़ी लापरवाही को दिखाता है।

**डॉक्टर बोले मुझे पता ही नहीं**

पीएचसी में कार्यरत मेडिकल अफसर डॉ जयसिंह चौधरी ने बताया कि अस्पताल का समय सुबह 9 बजे से सांय 3 बजे तक का है। सुबह 9 बजे मैं क्वार्टर में बनाए गए अस्पताल में ही मौजूद था। मेरे आने के बाद किसी महिला की डिलीवरी हुई ही नहीं है। अगर कोई डिलेवरी हुई हो तो इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। ना ही किसी नर्सिंग कर्मी को कोई सूचना दी गई है।

वही सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि ऐसी जानकारी आई है। महिला की डिलेवरी कहा हुई ओर किस स्तर पर लापरवाही बरती गई। इसकी जांच मैं स्वयं कर रहा हूं। जांच के बाद ही स्थित साफ हो पाएगी। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए पीएचसी पीठ प्रभारी डॉक्टर जय सिंह चौधरी को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया है और मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की टीम बनाई गई है।

दूसरी ओर समाज सेवी पोपट खोखरिया, कमलेश ननोम, मनोज पारगी, विपिन रोत सहित प्रसूता के परिजन अस्पताल प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठ गए। डॉक्टर के एपीओ के आदेश देखने के बाद ही धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

**ऑपरेटर के खिलाफ भी शिकायतः-**

धरना दे रहें लोगो ने सीएमएचओ सें शिकायत करतें हुयें कहा कि पिएचसी पर कार्यरत ऑपरेटर हेमंत सिंह, पीठ पीएचसी में जन्मे बच्चे का जन्म प्रमाण बनाने के लिए अभिभावक को रोजाना चक्कर कटवानें के साथ ही दो सौ रुपए की राशि लेना बताया। झरनी निवासी हरीश चंद्र डामोर ने सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता को शिकायत पत्र देकर बताया कि वह बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने कई दिनों से चक्कर काट रहा हैं। पीठ पीएचसी का ऑपरेटर हेमंत सिंह जो कि सीमलवाड़ा सीएचसी में बैठता है, जिसने वहां बुलाया और प्रमाण पत्र बनाने दो सौ रुपए लिए फिर भी चक्कर पे चक्कर कटवा रहा है। शिकायत पर सीएमएचओ ने मामलें की जांच करने को लेकर आश्वस्त दिया है।

## 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**डूंगरपुर (पुकार)।** प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचन कार्य के दौरान अधिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और नवाचार-युक्त कार्य करने वाले अधिकारियों-कार्मिकों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आगामी 25 जनवरी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

- चुनाव प्रक्रिया में बेहतर कार्य करने अधिकारी-कार्मिक राज्य-स्तर पर सम्मानित होंगे
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी की पहल पर पहली बार ऑनलाइन आवेदन मांगे

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने पहली बार पुरस्कार के लिए कार्मिकों के चयन की प्रक्रिया को अधिक सुगम और पारदर्शी बनाया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, 2024 है। महाजन ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर 1 जनवरी से 31 दिसम्बर, 2024 की अवधि में निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कार्मिकों को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए निम्न श्रेणियों के तहत आवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला परिषद) पदेन जिला स्वीप प्रभारी,मास्टर ट्रेनर,मीडिया संबंधी कार्मिक, आईटी कार्मिक, सांख्यिकी कार्मिक, निर्वाचन व्यय अन्वेक्षण संबंधी कार्मिक (एफएस, एसएसटी, पुलिस एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसी कार्मिक), सेक्टर ऑफिसर अन्य कोई भी विषय, जिसके अंतर्गत निर्वाचन संबंधी उत्कृष्ट कार्य किया गया है, से सम्बंधित कार्मिक या अधिकारी उपरोक्त श्रेणियों के आवेदन सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुशंसा के साथ निर्वाचन विभाग को 15 दिसम्बर तक प्रस्तुत किए जाने हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन के लिए रिटर्निंग अधिकारी,अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन आवेदन का विकल्प भी उपलब्ध होगा। इसी प्रकार, बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर भी ऑनलाइन अथवा ऑफ लाइन आवेदन कर सकेंगे।

## वार्ड नं 31 का किया निरीक्षण, तत्काल सफाई टीम बुला करवाई सफाई

**डूंगरपुर(पुकार)।** सभापति के मार्गदर्शन में आज स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड संख्या 31 में निरीक्षण किया वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा ने वार्ड की समस्याओं से अवगत कराया सभापति महोदय एवं स्वच्छता कमेटी की टीम ने वार्ड की गली-गली में जाकर समस्याओं को देखा और उनके निराकरण हेतु सफाई निरीक्षक की टीम और सारी टीमों को निर्देशित किया। और तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करवाने का निर्देश दिया उक्त वार्ड में रोड का टेंडर जारी हो चुका है उसके लिए ठेकेदार राजेश श्रीमाल को बुलाकर भी निर्देशित किया कि आठ दिनों के भीतर उसका कार्य शुरू किया जाए। सभापति एवं टीम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त वार्ड की सारी समस्याओं का समाधान दो दिनों के भीतर कर दिया जाए इस दौरान बर्ड सैन्च्यूरी पार्क आवागमन मार्ग पर नाले को भरा हुआ पाया गया तुरंत प्रभाव से टीम बुलाकर उसको तुरंत ठीक करवाया गयाए इस दौरान सभापति स्वच्छता कमेटी की टीम जिसमें डायालाल पाटीदार मोहन यादव, नरेश यादव, कांतिलाल कोटेड, राजेश रोत, जितेंद्र भोई, वार्ड पार्षद अशोक चौबीसा एवं परिषद् से सहायक अभियंता, भक्तेष पाटीदार, कनिष्ठ अभियंता राजेंद्रपाल सिंह, नरेंद्रसिंह सफाई निरीक्षक रामसिंह राजावत एवं उनकी पूरी टीम सुभाष भोई मौजूद रहें, वहीं सभापति ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहां कि शहर में स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग करें और बाहर कचरा न फैंके एवं कचरा डस्टबिन में रखें और कचरे वाली गाड़ी में डालें। जिससे अपना शहर स्वच्छ बना रहें।



डूंगरपुर। वार्ड में निरीक्षण करतें सभापति, पार्षद एवं अन्य। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरी चुकाओं पसीना सूखने से पहले, दान चुकाओं नाम लिखने से पहले-आचार्य सुधीन्द्र सागर महाराज

**डूंगरपुर (पुकार)।** आचार्य सुधीन्द्र सागर मुनि शैलनन्द महाराज के सानिध्य में कुंआ गांव में प्रातः अभिषेक शांतिधारा हुई शांति धारा के लाभ अध्यापक शैलेन्द्र, नीता जैन को मिला।

समाज सेवी अनिल जैन गैंजी अध्यक्ष दीपक जैन कुंआ ने बताया आचार्य ने धर्म सभा में कहा भक्तों के लिए भगवान महावीर स्वामी का निर्देश हैं दान-पूजा ध्यान ओर दिन दुखियों की सेवा वैयावर्ती नित्य करनी चाहिए इसमें मुख्य दान हैं। दान अपनी हैसियत से करना चाहिए न कि उधार कर्ज लेकर दान खून पसीने की ईमानदारी की गाढ़ी कमाई में से करना, आगम अनुसार कमाई का पच्चीस प्रतिशत दान देना चाहिए,किंतु आज भौतिक सुख साधनों में खर्च अधिक होने से इतना नहीं कर सको तो कमाई का दसवां हिस्सा प्रतिदिन करना चाहिए और आगे कहा दिन दहाड़ी मजदूर को मजदूरी का पैसा चुका दो उसका पसीना सूखने से पहले, दान का पैसा चुका दो ट्रस्टी अपना नाम बहीखाते में लिखने से पहले मजदूर को तुरंत देने से उसके रोजमर्रा खाने की सामग्री उपलब्ध हो जाएगी और दान का पैसा तुरंत देने से मंदिर संत भवन धर्मशाला का विकास सुनिश्चित समय पर होगा।

### होमगार्ड दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता

**डूंगरपुर(पुकार)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर में मंगलवार को होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह की कड़ी में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। कमांडेंट राजेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र डूंगरपुर के पुरुष और महिला सदस्यों ने 100 मीटर दौड़ में भाग लिया।

### ऑटो की टक्कर से युवक की मौत, सामान लेकर पैदल लौट रहा था

**डूंगरपुर(पुकार)।** कोतवाली थाना इलाके में डूंगरपुर शहर के नवाडेरा में एक ऑटो ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के हेड़ कॉनि. तेज ने बताया कि कलाल घाटा निवासी धुला बरंडा ने मामला दर्ज कराया कि उसका बेटा लोकेश उसके मिलने वाले महेश खोखरिया के साथ घर से सामान लेने डूंगरपुर गया था। वहीं, डूंगरपुर से पैदल-पैदल लौटते समय नवाडेरा के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ऑटो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर में लोकेश के सिर व हाथ-पैर में गंभीर चोंट आई, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 5 दिसम्बर की रात्रि चौपाल में आंशिक संशोधन

**डूंगरपुर (पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने माह दिसम्बर, 2024 में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जिला कलक्टर द्वारा की जाने वाली रात्रि चौपालों का कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैं, जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय वालाई पंचायत समिति साबला में 5 दिसम्बर को प्रस्तावित की गई थी, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए ग्राम पंचायत गामड़ी अहाड़ा पंचायत समिति बिछीवाड़ा में 5 दिसम्बर को रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी।

### डूंगरपुर आगार में बस सारथियों की आवश्यकता

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, डूंगरपुर आगार में वाहनों में परिचालक कार्य के लिए बस सारथियों की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वीं उत्तीर्ण निर्धारित है तथा परिचालक लाइसेन्स होना अनिवार्य है। उपरोक्त कार्य के लिए मासिक राशि 13 हजार रूपए प्रतिमाह प्रतिफल राशि दी जाएगी। मुख्य प्रबंधक हरदीपसिंह ने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार निगम कार्यालय राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, केन्द्रीय बस स्टेण्ड डूंगरपुर पर उपस्थित होकर बस सारथी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### रोहनवाड़ा में दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** राउमावि रोहनवाड़ा में एमएमसी-एसडीएमसी का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता करते हुऐ दिपक शर्मा,नारायण अहारी ने कहां कि सामुदायिक सहभागिता अन्तर्गत समुदाय विद्यालय के सर्वांगिण विकास में अपनी भूमिका निभाना। दो दिवसीय प्रशिक्षण में के आरपी केशव कोटेड़ विजय कलाल मे शैक्षिक, नामांकन, ठहराव विद्यालय विकास एवं वर्तमान में छात्र-छात्राओं तथा नवयुवको को बढ़ते हुए नशा प्रवृत्ति से दूर रहने तथा समाज में अच्छी प्रवृत्ति कायम करना। केशव कोटेड़ ने समापन कार्यक्रम के साथ संचालन एवं आभार व्यक्त किया।

## राजपुर घाटी पर एंबुलेंस-ऑटो की भिड़ंत

### हादसें में पांच लोग हुयें घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के निकट राजपुर घाटी पर मंगलवार शाम को डूंगरपुर शहर से रेलवें की ओर जा रही एम्बुलेंस और रेलवें से सवारी लेकर शहर की ओर आ रहें ऑटो में भिडंत हो गयी। हादसे में 2 महिला समेत 5 लोग घायल हो गए। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवाया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में उदयपुर रोड पर राजपुर घाटी एंबुलेंस वैन डूंगरपुर से रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। वहीं ऑटो रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर आ रहा था। इस दौरान एक स्कूटी भी चपेट में आ गई। हादसे में एंबुलेंस कार और ऑटो दोनों क्षतिग्रस्त हो गए।

वहीं, ऑटो चालक अमृत 30 पुत्र सवजी कटारा निवासी मालपुर समेत उसमें बैठी सवारी भगवानपुरी गोस्वामी 45 निवासी ढूंढा, चेतना सोनी 45 निवासी बांसवाड़ा और उसका बेटा जिग्नेश 19 निवासी बांसवाड़ा ओर एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया है। ऑटो में घायल भगवानपुरी गोस्वामी की पत्नी जशोदा भी सवार थी, लेकिन उन्हें चोंट नहीं आई है। ऑटो में बैठी सभी सवारियां अहमदाबाद से ट्रेन में बैठकर डूंगरपुर रेलवे स्टेशन उतरे थे। इसके बाद ऑटो में बैठकर बस स्टैंड की ओर जा रहे थे।



डूंगरपुर। एंबुलेंस ओर ऑटों में भिडंत के बाद मौके पर लगा जाम एवं चिकित्सालय में उपचार करतें चिकित्साकर्मी। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

## टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन तहत रेलवे स्टेशन पर की कार्यवाही

### चिकित्सा विभाग एवं रेलवे के सीआरपीएफआरपीएफ संयुक्त कार्यवाही

**डूंगरपुर(पुकार)।** टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतर्गत चिकित्सा एवं सीआरपीएफ आरपीएफ के संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई जिसके तहत रेलवे स्टेशन पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद के सेवन करने वालो पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार चालान एवं जब्ती सहित विभिन्न आवश्यक कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलंकार गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश की पालना के तहत जिले मे टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन पर जिला एनटीसीपी प्रभारी डॉ किशोरीलाल वर्मा एवं रेलवे के सीआरपीएफ अधिकारी सुरेश कुमार, आरपीएफ अधिकारी विरेंद्र कुमार के संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 371 चालान काटे गये एवं तम्बाकू का सेवन करने वालों से जुर्माना भी वसूला गया। साथ ही आमजन को तम्बाकू के सेवन करने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करना किसी भी व्यक्ति के जीवन जीने के अधिकार को प्रभावित करता है। यह कोटपा एक्ट की धारा-4 के अंतर्गत आता है। संबंधित अधिकारियों को इस धारा की सख्ती से अनुपालना करवाना आवश्यक है। उक्त अभियान की कार्यवाही में कुलदीप कुमार चौधरी, बृजमोहन जाटव अंकित मोदी एवं रेलवे के सभी अधिकारियों के मौजूद रहे।



डूंगरपुर। रेलवे परिसर में टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन के तहत कार्यवाही करतें पुलिस जवान एवं अधिकारी। फोटोंः चन्द्रमौली

## बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा ने पिया एसिड़

- तबीयत खराब होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे परिजन

**डूंगरपुर(पुकार)।** शहर के माणक चौक में रहने वाली एक नर्सिंग स्टूडेंट ने तेजाब पी लिया। तबीयत खराब होने पर बड़ी बहन उसे डूंगरपुर अस्पताल लेकर आई जिसे आईसीयू में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। छात्रा के तेजाब पीने की वजह सामने नहीं आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दौसा जिले की रहने वाली निकिता पुत्री रूपलाल बैरवा अभी डूंगरपुर शहर के माणक चौक में किराए के कमरे में रहती है। उसके साथ उसकी बड़ी बहन भी रहती है। निकिता डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा है। मंगलवार सुबह उठने के बाद निकिता ने एसिड पी लियाए जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे उल्टियां होने लगी। ये देखकर उसकी बड़ी बहन उसे तुरंत ही डूंगरपुर अस्पताल लेकर आई, जहां निकिता की जांच के बाद उसे आईसीयू में भर्ती कर दिया।

डॉक्टरों ने एसिड को उल्टी करवाकर बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए। वहींए उसकी दवाइयां भी शुरू कर दी। छात्रा के पिता दौसा में ही पेंटिंग का काम करते हैं। निकिता पढ़ाई में होशियार है, लेकिन उसने तेजाब किस वजह से पिया इसका पता नहीं चल सका है। डॉक्टर अभी उसकी तबीयत गंभीर बता रहे हैं।

## सोम कमला बांध का पानी भेवड़ी एनिकट में छोड़ने की मांग

### पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण पहुंचे एक्सईएन कार्यालय

**डूंगरपुर (पुकार)।** इस वर्ष गलियाना बांध में पानी की आवक नहीं होने के कारण जलस्तर नही बढ़ने एवं भेवड़ी एनिकट में पानी नहीं आने से परेशान ग्रामीण जल संसाधन विभाग पहुंचे और सोम कमला बांध का पानी गलियाना बांध में भर कर पानी भेवड़ी एनिकट में छोड़ने की मांग की है।

भेवड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच गंगाराम भगोरा के तत्वाधान में भेवडी, ढ़ाणी कटकेश्वर, ढ़ाणी खजूर एवं नया गांव के ग्रामीण आसपुर जल संसाधन विभाग कार्यालय पहुंचे और एक्सईएन बहादुरसिंह राठौड़ को ज्ञापन सौप कर बताया की गलियाना बांध खाली रहने के कारण इस बार एनिकट में पानी नहीं छोड़ा गया जिससे एनिकट खाली पड़ा है। इस एनिकट में पानी रहने से चार गांवों की सिंचाई होती है और पानी रहने से जल स्तर ऊपर रहता है। जिससे कुओं का जल स्तर भी बढ़ता है जो सिंचाई में उपयोग लेते है। वहीं पशुओं के पानी की समस्या नही रहती हैं,जिसे लेकर बताया की सोम कमला बांध से पानी गलियाना बांध में डाला जाया और बांध को भरकर पानी की निकासी कर भेवड़ी एनिकट में डाला जाय। जिससे काश्त,पशुओं की समस्या से निजात मिल सके। इस अवसर पर भेवडी सरपंच गंगाराम भगोरा, रमेश खराड़ी, हमीरसिह चौहान भेवड़ी, हिरालाल बामनिया, मुलचन्द रेबारी,नारायणलाल बामनिया, धर्मेश भगोरा, प्रेम जी भगोरा, जगदीश डिंडोर सहित कई काश्तकार मौजूद रहे।



डूंगरपुर। मांगो को लेकर एक्सईएन को ज्ञापन सौपते ग्रामीणजन। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने डूंगरपुर जिला कलक्टर को किया सम्मानित

- नई दिल्ली में विश्व दिव्यांग दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित
- दिव्यांगजन कल्याण के लिए डूंगरपुर सर्वश्रेष्ठ जिला चुना

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह को दिव्यांगजनों के अधिकार, यूडीआईडी और दिव्यांगजन सशक्तीकरण की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर मंगलवार को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में जिला कलक्टर सिंह को दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम, यूडीआईडी और दिव्यांग सशक्तीकरण की योजनाओं के क्रियान्वयन में सर्वश्रेष्ठ जिले की श्रेणी में सम्मानित किया गया।



डूंगरपुर। दिव्यांगजन कल्याण में जिलें के सर्वश्रेष्ठ चुनें जाने पर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह को सम्मानित करती महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु। फोटोंः पुकार

जिले में दिव्यांगजन सशक्तीकरण के लिए किए यह कार्य

डूंगरपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 हजार 895 दिव्यांजन महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत पंजीकृत किए गए हैं, जो कि राजस्थान में सर्वाधिक है। मनरेगा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 5 हजार 271 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, जो राजस्थान में सर्वाधिक है। 76.44 प्रतिशत के साथ 2 दशमलव 011 लाख मानव दिवस सृजन कर लगभग सवा चार करोड़ रूपये की मजदूरी का भुगतान किया गया है, जो राज्य में सर्वाधिक है। जिले के बिछीवाड़ा ब्लॉक में 118 और डूंगरपुर ब्लॉक में राजीविका के 110 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। जिले के इन दो ब्लॉक्स में कुल 228 स्वयं सहायता समूहों से 1 हजार एक सौ चालीस दिव्यांगजन जुडे हैं। इन्हें राज्य सरकार के नियमानुसार अनुदान दिया जा रहा है। दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने के साथ ही श्रम क्षेत्र में सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित 94 श्रमिकों को 2 करोड़ 82 लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। वहीं, प्रतिमाह पेंशन के रूप में श्रमिकों को 1 लाख 41 हजार रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को डोर-टू-डोर राशन डिलीवरी,पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के शत-प्रतिशत मतदान के लिए भी विशेश प्रयास किए जा रहे हैं।

**उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान**

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/183 - 185 Date : 29/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 50/2024-25**

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यो की कुल लागत | : | रूपये 1034.16 लाख (03 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि | : | 02.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 19.12.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 02.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 19.12.2024 को सांयः 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 20.12.2024 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WLOB00385 To ITU2425WLOB00387

अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/8623

## संक्षिप्त समाचार

### बीबीए और बीकॉम की छात्राओं की उधमशीलता पर प्रस्तुति



**उदयपुर (पुकार)।** गुरुनानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत बीकॉम और बीबीए की छात्राओं द्वारा 'सक्सेस स्टोरी ऑफ़ एंटरप्रेन्योर्स' विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। जिसमें छात्राओं ने सफल उद्यमियों जैसे नारायण मूर्ति, फाल्गुनी नायर, रतन टाटा, गजल अलघ तथा रूमा देवी आदि उद्यमियों की सफल व्यावसायिक यात्रा के बारे में जानकारी दी। जो निश्चित रूप से छात्राओं के भविष्य के लिए प्रेरणादायक हैं।

प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कोठारी ने छात्राओं को इन सफल उद्यमियों से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने बताया कि हम सब में प्रतिभा है और उसका उचित समय पर उपयोग करके जीवन में हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर श्वेता जैन ने किया। संकाय सदस्य विनीता वर्मा और डॉ हर्षिता जैन उपस्थित रहे। प्रथम स्थान पर दीया पुरोहित, द्वितीय स्थान पर हर्षिता चौहान, अलवीरा शेख, प्रियांशी सेन,छवि चौधरी और तृतीय स्थान पर खुशबू पठान और निष्ठा जोशी रहे।

### विश्व विकलांगता दिवस पर वस्त्र वितरण




**उदयपुर (पुकार)।** लायंस क्लब उदयपुर श्रीजी ने विश्व विकलांगता दिवस पर आशा भवन इंडिया बलीचा उदयपुर में विकलांग व जरूरत मंद 20 लोगों को ऊनी व सूती कपड़े वितरित किए। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन दिनेश कुमार माली व एमजेएफ़ लायन बालकृष्ण सुहालका उपस्थित थे।

### भगवत गीता है अनुपम ग्रंथ – सुभाष चंद्र मेहता



**उदयपुर (पुकार)।** गीता जयंती आयोजन समिति द्वारा गीता ज्ञान व्याख्यान माला श्रृंखला में विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को गीता मर्मज्ञ सुभाष चंद्र मेहता ने कहा कि आज के भौतिकता, मानसिक तनाव से ग्रस्त और जीवन के वास्तविक अर्थ की खोज में भटकते मनुष्य के लिए गीता का संदेश उतना ही प्रासंगिक है जितना वह सदैव रहा है। भगवद गीता भारत के आध्यात्मिक वांग्मय की अनुपम विभूति है। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि मेहता द्वारा विद्यार्थियों को सामूहिक प्रार्थना, गीता प्रेरणा गीत, श्लोक अनुपठन और गीता ज्ञान को जीवन के आचरण में उतारने हेतु संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर संस्कार पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा द्वारा श्रीमद् भागवद गीता की प्रति विद्यालय को भेंट की गई।

### प्रियंका चौहान को पीएचडी की उपाधि



**उदयपुर (पुकार)।** बीएन विश्वविद्यालय से शोधार्थी प्रियंका चौहान ने फार्मेसी में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने डॉ. चेतन सिंह चौहान के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। फार्मूलेशन एंड ऑप्टिमाइजेशन ऑफ़ पीएलजीए एनकेप्सुलेटेड मेटफोर्मिन हाइड्रोक्लोराइड माइक्रोस्फीयरस विषय पर शोध किया है। प्रियंका की यह शोध उपलब्धि मधुमेह संबधी बीमारी में नयी दवा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण योगदान हो सकती है, इस नई दवा प्रणाली से डायबिटीज के ब्लड शुगर लेवल को लंबे समय तक मेंटेन किया जा सकेगा एवं रोगी को बार-बार दवा लेने की झंझट से भी छुटकारा मिलेगा तथा ह्रदय, गुर्दा, आँखों की तकलीफ से भी छुटकारा मिलेगा। प्रियंका मूलतः उदयपुर से है विवाह के पश्चात् भी अपनी पढाई जारी रख पीएचडी को पूरा किया है। प्रियंका के पिता राजेन्द्र सिंह चौहान राजस्थान फारेस्ट सर्विसेज से सेवानिवृत अधिकारी है एवं पति सेना में अधिकारी है।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल की बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल वार्ड 58 संगठन पर्व की हुई बैठक सोनी समाज के भवन में संपन्न हुई। जिसमें वार्ड के चार शक्ति केंद्रों के बूथ अध्यक्षों का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ।

मंडल अध्यक्ष विजय आहुजा महामंत्री सुनील व्यास, मोहन सालवी मंडल वार्ड प्रभारी चंचल कुमार अग्रवाल, वार्ड पालक दीपक पामेचा ,बूथ अध्यक्ष त्रिलोक मेहता महेश पोरवाल, दिनेश पारिख, दुर्गा शंकर सालवी ,कुलदीप मेहता ,शक्ति केंद्र प्रभारी शंकर साहू , कमलेश प्रजापत , पूर्व पार्षद डॉ शिल्पा पामेचा के साथ ही चंद्रकिरण शाकदिपी,गजेंद्र भंडारी, लोकेश अग्रवाल, लाल जी कुमावत, सपन बंगाली, निहाल सिंह चौहान, गिरीश शर्मा, लालचंद कुमावत, इरशाद चैन वाला इत्यादि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत को आज भाजपा सुन्दर सिंह भंडारी मंडल मे सक्रिय सदस्य बनाया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सिद्वार्थ शर्मा,महामंत्री मांगू सिंह रावत,महामंत्री राजेंद्र परिहार,गोविंद वैष्णव,गिरिराज सालवी एवं मोहित सालवी उपस्थित रहे।

### मदार व धार की टीम राज्य स्तर पर तृतीय

**उदयपुर (पुकार)।** राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में स्थानीय उदयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए कक्षा 11 की साक्षी सुथार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदार व हेमेंद्र सिंह सिसोदिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धार की टीम राज्य स्तर पर तृतीय स्थान पर रही। दोनों ही विजेताओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के द्वारा सम्मानित किया गया। इससे पूर्व जिला स्तर पर रेड रिबिन प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में मदार से साक्षी सुथार प्रथम स्थान पर रही। यह जानकारी प्रभारी व्याख्याता डॉ.बिन्नू शेखावत ने दी।






**उदयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित करते अतिथि तथा दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में दिव्यांगजनों के साथ अतिथिगण।

# अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**उदयपुर (पुकार)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर मंगलवार को जिले में विविध आयोजन हुए।

स्वयंसेवी संस्था सोसायटी फॉर एजुकेशन ऑफ दी डिफरेंटली एबल्ड के संयुक्त तत्वावधान में सुबह फतहसागर पर मुक्त बधिर बालक-बालिकाओं द्वारा मैराथन का आयोजन किया गया। उसके बाद अभिलाषा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इसमें एडीजे कुलदीप शर्मा, सेडा संस्था की मुख्य



कार्यकारी अधिकारी रेणु सिंह, विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर, जिला समाज अधिकारी सूरज परमार बतौर अतिथि उपस्थित रहे। बालक-बालिकाओं ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुतियों के द्वारा कार्यक्रम में समा बांध दिया। संयुक्त निदेशक भटनागर ने अन्तर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए विभाग की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। श्रीमती रेणु सिंह ने संस्था की गतिविधियों एवं भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। मुख्य अतिथि एडीजे कुलदीप शर्मा ने विशेष योग्यजन के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी और बालकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विशेष योग्यजन के लिए अच्छा काम करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को जिला कलक्टर की तरफ से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण से संतोष मेनारिया सहित संस्थान के अध्यापक गण आदि उपस्थित रहे।

इसी कड़ी में अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर में एडीजे कुलदीप शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक कैलाश अग्रवाल द्वारा संस्मरणों के माध्यम से दिव्यांगजन की सेवा को बड़ी सेवा बताया। श्रीमती वंदना अग्रवाल ने संस्था के प्रकल्पों की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि संस्थान सामाजिक सेवा के लिये सदैव तत्पर है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर द्वारा विभाग के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में ट्राईसाईकिल एवं व्हीलचेयर वितरीत की गयी। धन्यवाद संजय द्वारा ज्ञापित किया गया।

# निजी क्षेत्र में आरक्षण और विभिन्न रियायतों के विशेषाधिकार का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं

**सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने संसद में पूछे प्रश्न**

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने दिया जवाब**

**उदयपुर (पुकार)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि केन्द्र सरकार के पदों और सेवाओं के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और महिला उम्मीदवारों को आरक्षण और विभिन्न रियायतों के विशेषाधिकार का फिलहाल निजी क्षेत्र में कार्यान्वयन को लेकर कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

मंत्रालय की ओर से यह जवाब मंगलवार को उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मन्नालाल रावत द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न के उत्तर में दिया गया। सांसद रावत की ओर से मंगलवार को यह प्रश्न किए गए थे कि क्या केन्द्र सरकार के पदों और सेवाओं के लिए अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और महिला उम्मीदवारों पर आरक्षण और विभिन्न रियायते विशेषाधिकार लागू होते हैं उक्त उपबंध कब से प्रभावी हुए है और संगत अधिसूचना का ब्यौरा क्या है। क्या सरकार का विचार उक्त प्रावधानों को निजी क्षेत्र में भी लागू करने का है तथा जम्मू और कश्मीर में उक्त प्रावधान कब से लागू कर दिए गए हैं?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास आठवले की ओर से मंत्रालय द्वारा जवाब में बताया गया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा समय-समय पर जारी व्यापक दिशा निर्देशों के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर खुली प्रतियोगिता द्वारा सिविल पदों और सिविल सेवाओं में सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के मामले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों को क्रमशः 15 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत और 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वे लोग जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, उन्हें खुली प्रतियोगिता के माध्यम से भारत सरकार में सिविल पदों और सेवाओं में सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

पदोन्नति के मामलों में, अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिए लिए 7.5 प्रतिशत की दर से आरक्षण प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त किसी सेवा या पद पर सीधी भर्ती के मामले में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों को 5 वर्ष तथा अन्य पिछड़ा वर्गों को 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। समूह ग के पदों के लिए महिलाओं को 35 वर्ष [एससी, एसटी के सदस्यों के लिए 40 वर्ष] की आयु तक की छूट प्रदान की जाती है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को किसी भी भर्ती परीक्षा या चयन में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

मंत्रालय की ओर से बताया गया कि निजी क्षेत्र में उक्त प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इसके अलावा संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर ने सूचित किया है कि आरक्षण के प्रावधान का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों व आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उम्मीदवारों तक विस्तार किया गया है।

### इन्टरनेशनल पिस्टल शूटर दीपक शर्मा सम्मानित




**उदयपुर (पुकार)।** इन्टरनेशनल पिस्टल शूटर दीपक शर्मा का सहकारिता मंत्री गौतम दक एवं विधायक ताराचंद जैन द्वारा उनके खेल की गतिविधियों में उदयपुर व राजस्थान का नाम भारत देश का नाम रोशन करने पर सम्मान किया गया। यह सम्मान प्रायोजक के रूप में दिया गया। भारत विकास परिषद के दायित्व ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री गौतम दक व विधायक ताराचंद जैन एवं ग्रामीण सभा विधायक फूल सिंह , भारत विकास परिषद राष्ट्रीय मंत्री डीडी शर्मा, जय राज आचार्य, उदयपुर जिला समन्वयक राकेश नंदावत, गजेंद्र सुराणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । सहकारिता मंत्री गौतम दक ने पिस्टल शूटर दीपक शर्मा की सराहा करते हुए एवं उनके दो बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने व पिस्टल प्रतियोगिता में अव्वल नंबर पर रहने की प्रशंसा करते हुए उनका मेवाड़ी पगड़ी, शॉल व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंत्री गौतम दक कहा कि दीपक शर्मा इस तरीके की खेल की गतिविधियों में उदयपुर व राजस्थान का नाम भारत देश में बढ़ा रहे हैं। उन्होंने भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी दीपक शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस मौके पर भारत विकास परिषद के पद्मिनी शाखा के अध्यक्ष डॉ शिल्पा पामेचा, सचिव डॉक्टर बलदीप, कोषाध्यक्ष सोनिका चौरडिया, वात्सल्य शाखा के अध्यक्ष गजेंद्र सुराणा एवं अद्वितीय शाखा से शुभम गांधी सहित कई सदस्य उपस्थित रहें।

## चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस का वॉलीबाल लीग और क्रिकेट लीग का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** द इन्स्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस ऑफ इंडिया की उदयपुर शाखा के तत्वाधान में वालीबॉल लीग और क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने बताया कि वालीबॉल लीग जो कि उदयपुर स्पोर्टस एरिना, सौभागपुरा में आयोजित किया गया। पहली बार उदयपुर शाखा के चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस, सीजीएसटी विभाग, और एसजीएसटी विभाग के बीच वालीबॉल मैच खेले गये। वालीबॉल लीग के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सीजीएसटी, ज्वाइंट कमीश्नर रोशन बड़ीयाल उपस्थित रहे। चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की वालीबॉल लीग मैच में उदयपुर शाखा की टीम ने जीत हासिल कर लीग की विजेता बनी।

# विदेशी का हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार

**उदयपुर (पुकार)।** भारत की संस्कृति को यहां के लोग छोड़ते जा रहे हैं वहीं विदेशी लोग इस संस्कृति के साथ इतने रच बस गए हैं कि मरने के बाद भी कईयों की ख्वाहिश तो ये है कि उनका हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार हो। ऐसा ही कुछ माजरा मंगलवार को उदयपुर में देखने को मिला। 73 वर्षीय जॉन्स पेरी नाम का एक व्यक्ति फ्रांस से पिछले महीने उदयपुर आया था और यहां उसने एक बाइक लेकर उदयपुर घूमने का प्लान बनाया। इसी दौरान उसकी तबीयत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। परिवार से जुड़े हुए दिनेश जैन ने बताया कि जॉन्स परी अश्व प्रेमी था और वह कुछ महीने पूर्व ही यहां आया था। जबकि वो



और उसका परिवार हर साल उदयपुर घूमने आता है। लेकिन कोरोना की वजह से बीच में उदयपुर नहीं आ पाया और इस साल उदयपुर आया तो उसकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद स्थानीय अस्पताल में उसका इलाज करवाया लेकिन उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई और पिछले दो दिन पूर्व ही उसकी मौत हो गई। जॉन्स पेरी की पत्नी ने बताया कि उसके पति की अंतिम ख्वाहिश यह थी कि उसका अंतिम संस्कार हिंदू रीति रिवाज के साथ भारत की पुण्य धरा पर ही हो इसको लेकर परिवार से जुड़े हुए अशोक जैन ने बैकुंठ धाम सेवा संस्थान के मांगीलाल सुथार से संपर्क किया।

मांगीलाल सुथार ने पूर्ण विधि विधान के साथ जॉन्स पेरी का रानी रोड स्थित श्मशान घाट में हिंदू रीति रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया। उदयपुर के लोगों और बैकुंठ धाम सोसाइटी के सहयोग को देखकर उनकी पत्नी का विभोर हो गई और इस दौरान फूट-फूट कर रोने लगी और उसने बताया कि आज उसे भारत में ही अपनेपन का एहसास हुआ है और जो क्रिया कर्म हुआ है उसे उनके पति की आत्मा को शांति जरूर मिलेगी।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण - 2024 आज, तैयारियां पूर्ण

**उदयपुर (पुकार)।** बुधवार को आयोजित होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की समस्त तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। डाइट प्रिंसिपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी के अनुसार डाइट उदयपुर परिक्षेत्र के समस्त 20 ब्लॉक के कुल 172 विद्यालयों में कक्षा 3,6 व 9 में से चयनित कक्षा का सर्वेक्षण होगा। इस संबंध में पिछले एक माह से चल रही रही तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए सीडीईओ महेंद्र कुमार जैन द्वारा डाइट के प्रभारी अधिकारी के साथ लगातार मीटिंग कर तैयारियों की समीक्षा की गई। जोशी ने बताया कि उदयपुर जिले के 89 तथा सलूंबर जिले के 83 विद्यालयों में इस सर्वेक्षण के लिए फील्ड इन्वेस्टीगेटर की नियुक्ति कर नियुक्ति पत्र सौंप दिए गए। साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों को ब्लॉक के प्रभारी नियुक्त कर सर्वेक्षण के दौरान संबंधित ब्लॉक में उपस्थित रह कर सर्वेक्षण की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए पाबंद किया गया है।इन प्रभारियों को सर्वेक्षण से संबंधित समस्त सूचनाओं को डाइट स्थित जिला कंट्रोल रूम को संप्रेषित करने का दायित्व भी सौंपा गया है।

जोशी ने बताया कि सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर सभी ब्लॉक अधिकारियों व सीबीईओ के साथ मंगलवार शाम को वी सी भी आयोजित की गई। इस दौरान संबंधित संस्था प्रधानों को सर्वेक्षण के लिए समस्त बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। प्रभारी शिक्षा अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक लोकेश भारती को कोटड़ा, डीईओ एलिमेंट्री ननिहाल सिंह चौहान को गिर्वा, एडीपीसी वीरेंद्र सिंह यादव को नयागांव ,डाइट प्रिंसीपल डीईओ चन्द्रशेखर जोशी को वल्लभनगर, सहायक निदेशक डॉ दिनेश बंसल को खेरवाड़ा ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय स्थित एडीपीसी,डाइट व डीईओ कार्यालय के शैक्षिक अधिकारियों को विभिन्न ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## ठगी पीड़ितों की बैठक कल

**उदयपुर (पुकार)।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार की बैठक धरने के 95वें दिन बुधवार प्रातः 12:30 बजे जिला कलेक्ट्री स्थित धरना स्थल पर होगी जिसमें राष्ट्रीय जन आंदोलन में भाग लेने के लिए दिल्ली जाकर आने वालों का अभिनंदन किया जाएगा एवं आगामी रणनीति पर विचार विमर्श करके निर्णय लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि संगठन द्वारा 1 सितम्बर से लगातार दिए जा रहे धरने के 94 दिन पूर्ण होने आए हैं लेकिन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा देश के चालीस करोड़ निवेशक नागरिकों के भुगतान को लेकर कतई गंभीर नज़र नहीं आ रही जिससे निवेशकों में रोष लगातार बढ़ता ही जा रहा है और किसी कीमत पर निवेशक भी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। जिला अध्यक्ष बंशीलाल मीणा ने बताया कि ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार द्वारा दिनांक 15 नवंबर को राजस्थान के धौलपुर जिले से 10 दिवसीय पदयात्रा निकल गई थी जो मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा होते हुए 25 नवंबर को दिल्ली पहुंची और वहां पर संसद के पवित्रीकरण के साथ ही जंतर मंतर पर राष्ट्रीय ठगी पीड़ित महापंचायत में भाग लेकर उदयपुर लौटे संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित सहित सभी दिल्ली पहुंचे आंदोलन कारियों का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा।

# जादूगर आंचल का मैजिक शो का शुभारंभ आज से

**सोमवार से शुक्रवार एक शो व शनि, रवि को होंगे तीन-तीन शो**

**शहर व ग्रामीण विधायक के साथ जिला कलेक्टर करेंगे मैजिक का उद्घाटन**

**उदयपुर (पुकार)।** भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित लिम्का बुक एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लेकसिटी की रहने वाली विश्व विख्यात जादूगर आंचल एक बार फिर शहरवासियों के लिए मैजिक शो




लेकर आई हैं। जादूगर आंचल का मैजिक शो 4 दिसम्बर से शुरू होने जा रहा हैं। इस मैजिक शो का उद्घाटन उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा व जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल करेंगें। मंगलवार को लेकसिटी में प्रेस वार्ता में जादूगर आंचल ने अपने 27 साल के लम्बे अनुभवों को पत्रकारों के साथ साझा करते हुए बताया कि जब वह साढे चार साल की थी तब उन्होंने पहला शो अपने स्कूल के वार्षिकोत्सव में किया था। जब भी वह अपने शहर लेकसिटी में मैजिक शो लेकर आती है तब वह हमेशा नए कार्यक्रम प्रस्तुत करती है ताकि शहरवासियों का उन्हें प्यार मिल सकें। उन्होंने बताया कि अब तक भारत देश के 17 राज्यों एवं दुनिया के 7 देशो में करीब साढे चौदह हजार स्टेज शो कर चुकी हैं जादूगर आंचल ने सुखाड़िया यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी में एम.ए. किया हैं। जादूगर आंचल ने बताया कि इस बार मैजिक शो के स्थान में परिवर्तन कर फतहपुरा चौराहे के समीप दक्ष होंडा के पीछे हॉल में होगा। जादूगर आंचल का सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन एक शो एवं शनिवार व रविवार को तीन शो होगें।

**हैरतअंगेज मनोरंजन एवं हंसी से भरपूर 2 घंटे**

जादूगर आंचल भारत की पहली एकमात्र जादूगर है जिसने अमेरिका की प्रतिष्ठ मैगजीन के कवर पेज पर स्थान पाया है इसमें एक दिन में आंचल की जादुई यात्रा को दुनिया भर के जादूगरों के लिए प्रेरणादायक मानते हुए 8 प्रष्ठो में कवरेज देकर भारत की इस कला को सम्मान दिया है। वर्तमान में टीवी और मोबाइल के इस युग में एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज मनोरंजन एवं हंसी से भरपूर 2 घंटे का स्वास्थ्य मनोरंजन देकर पूरे परिवार को एक साथ खुशियां देने में सफल होने वाली लेकसिटी की जादूगर आंचल का शो पूरी तरह से हैरतअंगेज रहने वाला हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.